मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 38 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 05:12 | सूर्यास्त: 17:58 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




फॉर्म-6 से 7 लाख नए मतदाताओं को जोड़ने के खिलाफ मौखिक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार पृष्ठ 4

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार, पांच और सात पर

**सुविचार :** यदि मोह अधिक हो जाये तो बुराई नहीं दिखती।

# बंगाल चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा निर्वाचन आयोग : ज्ञानेश कुमार



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए हो रहे चुनावों के तहत, पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को और दूसरे चरण का 29 अप्रैल को होना है। मतगणना चार मई को होगी। चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बातचीत करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव भयमुक्त और हिंसामुक्त होंगे। अधिकारियों ने कहा कि आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव प्रलोभनमुक्त और ''बूथ जाम मुक्त'' हों। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार, स्थानीय निकायों या स्वायत्त निकायों के किसी भी कर्मचारी को चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करने देगा। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारों पर काम करने आरोप लगाया है, हालांकि आयोग ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। कुमार ने मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए, राज्य के प्रत्येक मतदाता से निडर होकर अपना वोट डालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल के प्रत्येक मतदाता को निडर होकर अपना वोट डालना चाहिए।'' व्यापक लोकतांत्रिक भावना का आह्वान करते हुए, कुमार ने चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव बताया। उन्होंने कहा, ''चुनाव का पर्व, पश्चिम बंगाल का गर्व।''

## सिविक, ग्रीन और विलेज पुलिस की ड्यूटी पर सख्त रोक, मतदान से 3 दिन पहले हटाने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगामी विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए बड़ा निर्देश जारी किया है। सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, सिविक पुलिस, विलेज पुलिस और ग्रीन पुलिस कर्मियों की चुनाव ड्यूटी पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। निर्देश में कहा गया है कि मतदान से तीन दिन पहले इन सभी कर्मियों को अनिवार्य रूप से रिजर्व पुलिस लाइन में वापस बुला लिया जाएगा। इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की चुनावी ड्यूटी, लॉजिस्टिक सपोर्ट या फील्ड गतिविधियों में शामिल नहीं किया जाएगा। मतदान के दिन भी इन कर्मियों की किसी भी तरह की तैनाती पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि, वे सामान्य नागरिकों की तरह बिना वर्दी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी तरह की लापरवाही, नियमों का उल्लंघन या अप्रत्यक्ष रूप से इन कर्मियों का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 'अत्यंत संवेदनशील' बूथों पर केवल सीआरपीएफ तैनात होगी, चुनाव आयोग का निर्देश

विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभूतपूर्व फैसला लेते हुए राज्य के 'अत्यंत संवेदनशील' बूथों पर केवल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तैनाती का निर्देश दिया है। आयोग ने पहली बार सामान्य, संवेदनशील, अति संवेदनशील और क्रिटिकल श्रेणियों के अलावा एक नई श्रेणी 'अत्यंत संवेदनशील' बूथों की बनाई है। आयोग के निर्देश के अनुसार, इन बूथों पर स्थानीय पुलिस के साथ केवल सीआरपीएफ जवान तैनात रहेंगे। सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान यहां नहीं लगाए जाएंगे। राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गत शनिवार को इस संबंध में राज्य पुलिस, सीआरपीएफ के समन्वय अधिकारियों तथा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है। चुनाव आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि सीआरपीएफ को देशभर में विभिन्न कानून-व्यवस्था स्थितियों से निपटने का व्यापक अनुभव है। सांप्रदायिक तनाव, संवेदनशील हालात और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की क्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आयोग ने बताया कि 'अत्यंत संवेदनशील' बूथों की पहचान विभिन्न खुफिया सूचनाओं और क्षेत्रीय आकलन के आधार पर की गई है। कुछ स्थानों पर केंद्रीय बलों के विरोध, महिलाओं के समूह द्वारा घेराव या मतदाता सूची से नाम हटने पर विरोध प्रदर्शन की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह श्रेणी बनाई गई है।

## पोलिंग बूथों पर परिचय पत्रों की होगी दो-स्तरीय जांच

विधानसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की धांधली, फर्जी मतदान और बूथ कब्जे की आशंका को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने विशेष रूप से वोटर स्लिप वितरण, मतदाता पहचान सत्यापन और मतदाता सूची की दोबारा जांच को लेकर कई कड़े निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशानुसार, बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटर स्लिप सौंपेंगे। यदि संबंधित मतदाता घर पर मौजूद नहीं मिलता है, तो परिवार के किसी वयस्क सदस्य की पहचान पत्र जांचने के बाद उसे स्लिप दी जाएगी। वोटर स्लिप देने के बाद संबंधित रजिस्टर में हस्ताक्षर लेना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, किसी एक व्यक्ति को कई मतदाताओं की स्लिप एक साथ देने पर रोक लगा दी गई है। यदि किसी घर में संबंधित मतदाता नहीं मिलता और स्लिप वितरित नहीं हो पाती है, तो इसकी पूरी जानकारी बूथ स्तरीय अधिकारी को दर्ज करनी होगी। मतदान के दिन यह सूचना पीठासीन अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि कोई मतदाता वोटर स्लिप के बिना मतदान केंद्र पहुंचता है, तो उसके पहचान पत्र की विशेष रूप से जांच की जाएगी। साथ ही, यह भी पूछा जाएगा कि उसने वोटर स्लिप क्यों प्राप्त नहीं की। मतदाता सूची में अनुपस्थित, लापता, मृत या दोहराए गए नामों की अंतिम समय में एक बार फिर समीक्षा की जाएगी। इसी कारण स्लिप वितरण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारी यह भी सत्यापित करेंगे कि सूची में दर्ज व्यक्ति वास्तव में मौजूद है या नहीं। यह जानकारी रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को भेजी जाएगी और मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी के पास भी उपलब्ध रहेगी।

## देश के उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी हिस्से में आगामी चार-पांच दिन तक लू चलने का अनुमान: मौसम विभाग

**नयी दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि अगले चार से पांच दिन तक देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के आसपास के कुछ इलाकों में लू चलने का प्रबल अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदानी भाग, झारखंड, ओडिशा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के छिटपुट इलाकों में 20 से 25 अप्रैल के बीच अलग-अलग तारीखों पर लू चलने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा, ''20 से 26 अप्रैल के दौरान पश्चिमी बंगाल में गंगा के कुछ मैदानी इलाकों; 20 से 22 अप्रैल के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल; 20 से 24 अप्रैल के दौरान केरल, माहे, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम तथा 24 और 25 अप्रैल को गुजरात के तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम रहने की प्रबल संभावना है।'' इसके अलावा 20 और 21 अप्रैल को हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, 20 अप्रैल को छत्तीसगढ़ और 20 से 22 अप्रैल के बीच ओडिशा में कुछ इलाकों में रात का तापमान बढ़ने का अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि सोमवार को देश के दक्षिण, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों के विभिन्न राज्यों में मध्यम से तीव्र गरज के साथ बारिश हो सकती है।

## चुनाव से चार दिन पहले 16 जिलों में बंद हुई शराब की दुकानें, आबकारी विभाग का नया आदेश

- **दूसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 25 अप्रैल से शराब की दुकानें रहेंगी बंद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य आबकारी विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए मतदान से चार दिन पहले ही शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। नई अधिसूचना के बाद प्रथम चरण वाले जिलों में रविवार की रात से ही शराब दुकानों के शटर गिरा दिए गए हैं। सामान्य तौर पर मतदान से 48 घंटे पहले शराब बिक्री पर रोक लगाई जाती है, लेकिन इस बार चुनाव आयोग और प्रशासन की सख्ती के बीच अवधि बढ़ाकर चार दिन कर दी गई है। 23 अप्रैल को होने वाले प्रथम चरण के मतदान वाले जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, कूचबिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदह, मुर्शिदाबाद, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्दवान और बीरभूम में रविवार की रात से शराब की दुकानें बंद कर दी गई हैं। वहीं, 29 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 25 अप्रैल से शराब की दुकानें बंद रहेंगी। राज्य सरकार के शराब भंडार गृहों को भी सोमवार से बंद रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे खुदरा दुकानों को अतिरिक्त आपूर्ति नहीं हो सकेगी। प्रशासन का मानना है कि यह कदम चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शराब के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# कश्मीर: उधमपुर में पहाड़ी से नीचे गिरी बस, 21 लोगों की मौत और 51 घायल



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को खचाखच भरी एक यात्री बस पहाड़ी से लगभग 100 मीटर नीचे गिर गई। इस दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 51 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नीचे गिरने से पहले बस ने एक अन्य सड़क पर एक ऑटो-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि यह हादसा पूर्वाह्न करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीव्र मोड़ पर उस वक्त हुआ, जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि बस में 65 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस का ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया और यह (बस) लोहे के कबाड़ में तब्दील हो गयी, जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, ''रामनगर से उधमपुर जा रही चालक ने पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण दिया और बस पलटकर नीचे एक अन्य सड़क पर आ गई, जहां एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया, जबकि चार ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। मृतकों में तिलो राम, प्रेमनाथ, करतार चंद, सोम राज, रामचंद, गीता देवी, रोमल सिंह, शारदा देवी, सन्नी, विशाली देवी, पुष्प राज, रामोलो राम, गुलाबो देवी, जालम सिंह, केसर सिंह, कांता देवी और अनीता देवी शामिल हैं। ये सभी रामनगर के निवासी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। सोमवार की सुबह उधमपुर जिले के राम नगर क्षेत्र के कागोर्त गांव के पास एक खतरनाक मोड़ पर चालक के नियंत्रण नहीं रख पाने के कारण यात्री बस पहाड़ी से नीचे लुढ़क गई, जिससे कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए।




## नैतिकता अनुरूप हो कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निस्संदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है।

विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पर्यावरणीय घातक प्रभाव भी कम नहीं हैं। एआई के विस्तार के लिये विशाल डेटा केंद्रों, कोबाल्ट व लिथियम जैसे खनिजों की खुदाई की जरूरत होती है। जिसके लिये भारी पर्यावरणीय व मानवीय लागत की जरूरत पड़ती है। निस्संदेह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में न तो इसे नकारा ही जा सकता है और न ही ये बुद्धिमत्ता का पैमाना होगा, लेकिन इसका जिम्मेदारी से प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन व उत्पादकता में यह रामबाण सिद्ध हो सकती है, लेकिन यह मजबूत कानून, कंपनियों के सिस्टम की पारदर्शिता व सुरक्षा से ही निरापद हो सकती है। नागरिकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना होगा।

# विपक्ष ने महिलाओं के सपनों को कुचलने का काम किया: भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने को लेकर सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के हक एवं सपनों को कुचलने का काम किया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधी आबादी को पूरा हक दिलवाएंगे। शर्मा यहां 'महिला जन आक्रोश पद यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। भाजपा महिला मोर्चा ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लोकसभा में पारित नहीं होने पर विपक्ष के खिलाफ इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 अप्रैल को महिलाओं के लिए स्वर्णिम दिन बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित विधेयक लेकर आए लेकिन विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इस दिन को आधी आबादी के लिए काला अध्याय बना दिया, देश की महिला शक्ति इसके लिए विरोधी दलों को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा,'प्रधानमंत्री मोदी आधी आबादी को उनका पूरा हक जरूर दिलाएंगे।' शर्मा ने महिला जन आक्रोश यात्रा को झंडा दिखा कर रवाना किया। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार नीति निर्माण में नारी शक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित विधेयक देश की सबसे बड़ी पंचायत में लायी लेकिन परिवारवादी मानसिकता वाले राजनीतिक दल कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी ने संसद में एकजुट होकर उसे गिरा दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हक को हथियाने और आधी आबादी के सपनों को कुचलने की इस साजिश के लिए विपक्ष को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नेतृत्व में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित विधेयक लेकर आए लेकिन विपक्ष और उसके सहयोगी दलों ने इसका विरोध किया।

## प्रचंड गर्मी से बचाव की तैयारी पूरी, पशु-पक्षियों के लिए पानी रखें : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि सरकार ने बढ़ते तापमान और प्रचंड गर्मी के दुष्प्रभावों से नागरिकों को बचाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को प्रदेशवासियों को लिखे एक पत्र को 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि शासन के हर स्तर पर समन्वित और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। प्रदेशवासियों से अपील है कि गर्मी में सतर्क रहें और लापरवाही न करें। आदित्यनाथ ने कहा' मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों, प्रकृति के स्वभाव के अनुरूप हर मौसम की तरह ग्रीष्म ऋतु आई है। बढ़ता तापमान हमें इसके दुष्प्रभावों से बचने तथा अपनी तैयारियां पूरी करने का संदेश दे रहा है।' संदेश में कहा गया है कि हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, इसलिए सरकार ने कड़कड़ाती ठंड की तरह प्रचंड गर्मी की मार से बचाने की भी तैयारी कर ली है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपना और अपनों का ख्याल रखें, विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों का। मुख्यमंत्री ने लोगों को धूप से बाहर निकलते समय सूती या खादी के ढीले वस्त्र पहनने की सलाह दी, ताकि लू और गर्मी से बचाव हो सके। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लोगों से पशु-पक्षियों के प्रति संवेदना दिखाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गर्मी में बेजुबानों को पानी न मिलने से उनकी जान को खतरा रहता है इसलिए नागरिकों से आग्रह है कि वे छायादार जगह पर मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखें।

# कोटा सबसे गर्म, 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**जयपुर:** राजस्थान में सोमवार को सबसे अधिक तापमान कोटा में दर्ज किया गया, जहां पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। बाड़मेर में दिन का तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि अलवर और चित्तौड़गढ़ में यह 41.6 डिग्री सेल्सियस रहा। फलौदी में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री, जैसलमेर में 41.1 डिग्री और बीकानेर में 40.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। चूरू और श्रीगंगानगर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जबकि राज्य की राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है क्योंकि राज्य में गर्मी तेजी से बढ़ रही है।

## लू का प्रकोप जारी, प्रयागराज में सबसे अधिक रहा अधिकतम तापमान

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है और पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्से जबरदस्त तपिश और लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश मंडलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया और लू चलने से लोग बेहाल रहे। रिपोर्ट में बताया गया, इस अवधि के दौरान प्रयागराज में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अन्य जिलों के मुकाबले सबसे अधिक था। इसके अलावा, वाराणसी में अधिकतम तापमान 44 डिग्री, सुलतानपुर में 43.3 डिग्री और बांदा में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जदयू विधायक दल के नेता का चयन करने की जिम्मेदारी नीतीश कुमार को सौंपी गई

**पटना:** जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) विधायक दल की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नेता चुनने की जिम्मेदारी एक मत से दी गई। कुमार ने सोमवार को बैठक में विधायक दल को संबोधित किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में जदयू के विधान परिषद सदस्य और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, हमारे सर्वोच्च नेता ने कहा है कि संसद सत्र के दौरान की अवधि (जब दिल्ली में उनकी उपस्थिति आवश्यक होगी) को छोड़कर वह अपना अधिकतम समय बिहार में बिताएंगे। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने हमसे कहा कि उनके सत्ता में रहने के दौरान किए गए अच्छे कार्य नई सरकार में भी जारी रहें, जिसमें जदयू एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। इन कार्यों पर नजर रखने के लिए वह समय आने पर राज्य का दौरा करेंगे।

## वाराणसी के मंदिर-दर्शन,गंगा में डुबकी लगाने वालों को अब अपने सामान के खोने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी



**वाराणसी:** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का दर्शन और गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वालों को अब अपने सामान की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। कपड़े हों या मंहगे सामान, इन सबको सुरक्षित रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार विश्वनाथ मंदिर और घाट के आसपास 'डिजिटल लगेज लॉकर' लगवाने जा रही है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। 'डिजिटल लॉकर' में मोबाइल से लेकर सूटकेस तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। 'डिजिटल लॉकर' के इस्तमाल के लिए 'डिजटल पेमेंट' की सुविधा रहेगी। बयान में कहा गया है, 'डिजिटल भारत की बानगी देखनी हो, तो इतिहास से भी प्राचीन शहर काशी में आइये। काशी में अब आपको डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा मिलेगी। आप वहां कीमती सामान एवं कपड़े रख कर बेफिक्र घाटों पर घूम सकेंगे और गंगा स्नान कर काशीपुराधिपति एवं अन्य मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे।' श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आस-पास और दशाश्वमेध घाट के पास भी 'डिजिटल लगेज लॉकर' की सुविधा जल्द मिलेगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए दशाश्वमेध घाट के पास दशाश्वमेध प्लाजा, गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग में 'डिजिटल लगेज लॉकर' की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि 225 'डिजिटल लॉकर' लगाये जायेंगे जिनमे छोटे, मध्यम, बड़े और बहुत बड़े चार तरह के 'डिजिटल लॉकर' उपलब्ध होंगे।

# राजस्थान: पचपदरा रिफाइनरी में भीषण आग लगी



**जयपुर:** राजस्थान में बालोतरा जिले की पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रिफाइनरी का मंगलवार को उद्घाटन करने वाले हैं। रिफाइनरी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार आग रिफाइनरी के 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' में लगी। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि हालात को काबू करने के लिए आपातकालीन टीमों को लगाया गया है तथा किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## उदघाटन कार्यक्रम टला, जांच के आदेश

**जयपुर/ नयी दिल्ली:** राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को आग लगने की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 21 अप्रैल को प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है और मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है और नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## अक्षय तृतीया पर मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मथुरा (उप्र):** मथुरा-वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और इस दिन ठाकुर जी को गर्मी से बचाने के लिए चंदन के गाढ़े लेप से ढंका जाता है। व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया कि यह दिन मंदिर के लिए विशेष महत्व रखता है। साल में एक बार होने वाले इस दुर्लभ अनुष्ठान में भक्त श्री बांके बिहारी जी के चरण कमलों के दर्शन करते हैं और शाम को ठाकुर जी के सर्वांग दर्शन होते हैं। उन्होंने बताया, 'स्वामी हरिदास द्वारा शुरू की गई परंपरा के अनुसार ठाकुर जी इस दिन पीतांबरी धोती और पायल धारण करते हैं। ठाकुर जी के चरण कमलों में चंदन का लड्डू रखा जाता है, जिसे बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है।' गोस्वामी ने कहा, 'दिन के अनुष्ठानों में चंदन लेप और सत्तू का भोग शामिल है। चरण दर्शन उत्तराखंड के श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन के तुल्य माने जाते हैं, जो शीतकाल के बाद आज ही खुले हैं।' वृंदावन के राधा रमण मंदिर में ठाकुर राधा रमण जी को चंदन की धोती, बगलबंदी, मुकुट और बांसुरी धारण कराई गई। सेवायत दिनेश चंद्र गोस्वामी ने कहा, ''अब भोग में खरबूजा और खीरा जैसे ग्रीष्मकालीन फल भी शामिल किए जाते हैं। आज से फूल बंगला उत्सव शुरू हो गया है। ठाकुर जी को प्रतिदिन नया पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। झांकी दर्शन भी होंगे, जिसमें बुरी नजर से बचाने के लिए पर्दे बार-बार खोले और बंद किए जाते हैं।'

## राहुल गांधी नागरिकता मामले में न्यायाधीश ने सुनवाई से खुद को अलग किया

**लखनऊ :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कथित दोहरी नागरिकता मामले में उपजी स्थिति से व्यथित न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने सोमवार को खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया।न्यायमूर्ति विद्यार्थी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि वह इस मामले की सुनवाई के लिए किसी अन्य न्यायाधीश को नामित कर दें। हालांकि, न्यायमूर्ति विद्यार्थी ने यह स्वीकार किया कि 17 अप्रैल को फैसला सुनाने से पहले उन्हें इस मामले में आरोपी राहुल गांधी को नोटिस जारी करना चाहिए था। न्यायमूर्ति विद्यार्थी ने सभी पक्षों के वकीलों को फटकार लगाई कि उन्होंने उनके सामने सही कानूनी स्थिति पेश नहीं की। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने 17 अप्रैल को एक याचिका पर सुनवाई करने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को कथित दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। हालांकि, जब 18 अप्रैल को यह आदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया तो उसमें बताया गया था कि आदेश टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने से पहले न्यायाधीश को पता चला कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक अहम फैसले के अनुसार इस मुद्दे पर कोई भी फैसला सुनाने से पहले राहुल गांधी को नोटिस जारी करना अनिवार्य है।

# धीरेंद्र शास्त्री ने ज्ञानवापी मस्जिद को बताया 'कलंक'



**वाराणसी/बरेली (उप्र):** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सोमवार को कथित रूप से वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद को 'कलंक' करार देते हुए कहा कि ज्ञानवापी मामले में अदालत का फैसला आने के बाद उस पर जलाभिषेक होगा और भगवा ध्वज लहराया जाएगा। उधर, बरेली में 'आल इंडिया मुस्लिम जमात' के अध्यक्ष मौलाना शहाबउद्दीन रजवी ने शास्त्री के इस बयान की आलोचना करते हुए कहा है कि धीरेंद्र शास्त्री झूठ बोल रहे हैं और मस्जिद को कलंक बताकर अच्छे-भले माहौल को खराब करना चाहते हैं। वाराणसी में एक निजी शोरूम का उद्घाटन करने आये शास्त्री ने ज्ञानवापी मस्जिद की तरफ इशारा करते हुए कथित रूप से कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ के बगल में जो 'कलंक' लगा हुआ है, उसके मामले में जल्द ही न्यायालय का फैसला आयेगा।

## विपक्ष नहीं चाहता विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़े: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी केवल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राजद नेता लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को सांसद देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के महिला मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई 'जन-आक्रोश महिला पदयात्रा' में भाग लेने के बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह पदयात्रा महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम, यानी लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के विरोध में निकाली गई। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक विधेयक नहीं है, यह देश की आधी आबादी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। चौधरी ने आरोप लगाया कि कुछ दल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि विधेयक पारित होने पर प्रतिनिधित्व में बड़ा बदलाव आता और विधानसभा में महिलाओं की संख्या बढ़ती। उन्होंने इसे सामाजिक बदलाव से भी जोड़ा। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों ने दशकों से महिलाओं के आरक्षण में बाधा डाली है जबकि केंद्र और बिहार में राजग सरकारें महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती रही हैं। चौधरी ने कहा, नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा एवं प्रगति के लिए काम किया है। अब आपका भाई सम्राट चौधरी उसी काम को आगे बढ़ाएगा। यदि कोई आपकी सुरक्षा और प्रगति के रास्ते में आएगा, तो हम उसे पाताल से भी खोज निकालेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विधेयक पारित नहीं होने के बाद जश्न मनाना गलत संदेश देता है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर अभियान तेज किया जाएगा और जिलों में भी रैलियां निकाली जाएंगी।

## नोएडा हिंसक प्रदर्शन मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नोएडा (उत्तर प्रदेश):** नोएडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में हुए हिंसक मजदूर प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु ठाकुर और सत्यम वर्मा के रूप में हुई है जिन्हें रविवार देर रात फेज-दो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि दोनों 'बिगुल मजदूर दस्ता' के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं और घटना के मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद से पूछताछ के बाद इनकी गिरफ्तारी की गई है। नोएडा में 13 अप्रैल को फैक्टरियों के हजारों कामगारों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी थी। विरोध प्रदर्शन कई जगहों पर हिंसक हो गया, जिसके चलते आगजनी, पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। पुलिस प्रवक्ता विजय कुमार गुप्ता ने कहा, 'हिमांशु ठाकुर घटना के दिन नोएडा में मौजूद था और वह कथित मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद के लगातार संपर्क में था।' अधिकारियों के अनुसार, हिमांशु ठाकुर एक यूट्यूबर है और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहा है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 अप्रैल, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष पंचमी, 25:22 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 23:59 तक, योग : शोभना, 12:32 तक, सूर्योदय: 05:12, सूर्यास्त: 17:58, चन्द्रोदय : 08:09, चन्द्रास्त: 22:27, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 14:45 से 16:20

## राशिफल

**मेष :** आज आपके लिए खुशियों की बारिश लेकर आई है। धन का आगमन तेजी से होगा, लेकिन खर्च भी उसी रफ्तार से बढ़ सकते हैं। इसलिए बजट बनाकर चलना बेहद जरूरी है।

**वृष :** आज किस्मत पूरी तरह आपके साथ खड़ी है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आपकी नई कोशिशें शानदार परिणाम देंगी। माता-पिता के आशीर्वाद से कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**मिथुन :** आज राहत का दिन है। पुरानी परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होती नजर आएंगी। आपकी समझदारी और तेज दिमाग से कई काम आसानी से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में नई मिठास आएगी

**कर्क :** आज अचानक लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा करने की दिशा में आप तेजी से आगे बढ़ेंगे। हालांकि, दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें।

**सिंह :** आज का दिन संतुलित लेकिन लाभकारी रहेगा। आपकी वाणी में मिठास ही आपको हर जगह सम्मान दिलाएगी। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए नए अवसर खोल सकती है।

**कन्या :** आज कामकाज के मामले में दिन शानदार है। आप अपने कामों को अच्छे से संभालेंगे, लेकिन संतान की गलतियों को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशी और संतुलन लेकर आया है। परिवार के साथ बिताया समय आपको सुकून देगा। कोई पुराना लेन-देन खत्म होगा, जिससे मन हल्का होगा।

**वृश्चिक :** आपको धैर्य और समझदारी से काम लेना होगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है।

**धनु :** आज का दिन भागदौड़ भरा लेकिन फायदेमंद रहेगा। एक के बाद एक काम मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन आपकी मेहनत आपको आगे ले जाएगी। इनकम बढ़ाने के नए रास्तों पर ध्यान देंगे।

**मकर :** आज का दिन संतुलित लेकिन सीख देने वाला है। लापरवाही से बचना बेहद जरूरी है, नहीं तो नुकसान हो सकता है। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**कुम्भ :** आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। नौकरी में नई जिम्मेदारी या चुनौती मिलेगी, जो आपको आगे बढ़ाएगी। सरकारी काम में थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है।

**मीन :** आज का दिन उत्साह और खुशियों से भरा रहेगा। साल की शुरुआत ही पॉजिटिव एनर्जी के साथ होगी। रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। सहयोगियों से सोच-समझकर बात करें।

## वर्ग पहेली नं. 3416

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 | |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | ■ |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | ■ | 18 | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | 22 | | | ■ | 23 | 24 | | ■ |
| ■ | ■ | 25 | | ■ | 26 | ■ | 27 | | 28 |
| 29 | | | ■ | 30 | | 31 | | ■ | |
| | ■ | 32 | | | ■ | 33 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) राज़ी, 4) अन्याय, 7) तूतू मैंमै, 9) साँझ, 10) लड़ाई, 12) एक राशि, 14) *लीडर,* 16) जिद, 17) पूरा, 18) बड़ा, 19) चौराहा, 20) व्यग्र, 21) शब्दातीत, 23) बेइज़्ज़ती, 25) चित्त, 27) पैर, 29) सतत, 30) शुक्रिया, 32) एक लचीला पदार्थ, 33) अंतर्भाव.

*ऊपर से नीचे:-* 2) घड़ियाल, 3) जलथल सीमाभूमि, 4) अभिनय खेल; *ड्रामा,* 5) कैफ़, 6) मौजूदगी में, 8) कोठरी; कक्ष, 10) एक पांडव, 11) आश्रम, 13) हिंडोले पर झूलना; झूमते हुए चलना, 15) शवपेटी, 17) एक संख्या, 20) प्राप्तिका, 22) लोकप्रिय; प्रसिद्ध, 24) अदालत में पेश किया गया मामला, 26) दूसरा, 28) शिव, 29) शरीफ़; सज्जन, 30) वृक्ष का तना, 31) गंध; निवास.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | र्दा | बा | द | ■ | स | फ | ल | ■ | द |
| ना | ■ | द | म | दा | र | ■ | बा | ह | र |
| फ़ा | ज़ि | ल | ■ | म | ल | म | ल | ■ | मि |
| ■ | ब | ■ | त | न | ■ | क | ब | ■ | या |
| ■ | ह | ज़ा | र | ■ | बे | ड़ी | ■ | स | न |
| प | ■ | ■ | ब | या | ना | ■ | ■ | म | ■ |
| शु | रु | आ | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ |
| प | ■ | द | र | बा | ■ | न्न | ■ | भू | सा |
| ति | मि | र | ■ | क़ी | म | त | ■ | मि | स |

## सुडोकू-पहेली-3374

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | | 9 | | | 5 | | |
| | 1 | | | | | | | 2 |
| 5 | | 9 | | 3 | | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | | 7 | | | | 6 | | 9 |
| | | 1 | 2 | | | 3 | 4 | |
| | | | | | 6 | | 7 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | | 8 | | | | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 3373 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 | 8 |

# बंगाल में भाजपा 'दुर्गा स्क्वाड' बनाएगी, सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ सिंह

**❑ कहा... 'भय और दहशत में जिंदगी गुजार रहे बंगाल के लोग, इस बार परिवर्तन तय'**

**❑ रक्षा मंत्री का दावा, राज्य में भाजपा आई तो गुंडे ऊपर जाएंगे या फिर सलाखों के पीछे**



**बीरभूम :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर राज्य को 'अराजकता के दौर' में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा स्क्वाड' का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई–भतीजावाद बढ़ा है। न्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो 'गुंडे और अपराधी' या तो जेल में होंगे या 'अपने घरों में छिपते फिरेंगे। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं 'गुंडों और अपराधियों' की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून–व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के 'बांग्ला निजेर मेयेकेई चाय' का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए 'दुर्गा स्क्वाड' का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम 'दुर्गा स्क्वाड' बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में 'भय का माहौल' है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति 'न्याय और मानवता' पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी। बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। उन्होंने दावा किया कि जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत–बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा नहीं किया। अंततः अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा और तभी जमीन उपलब्ध कराई गई। राजनाथ ने कहा कि भाजपा घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी और सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी पूरा करेगी। उन्होंने राज्य में कानून–व्यवस्था को मजबूत करने, किसानों को उपज की लाभकारी कीमत सुनिश्चित करने, आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और बंगाल को मछली उत्पादन में नंबर एक राज्य बनाने का भी वादा किया।

# चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी का 'झालमुड़ी' खरीदने के लिए रुकना 'नौटंकी' : ममता

**❑ 'चुनाव जीतने के बाद बंगाल आने वाले हर भाजपा नेता को तिलेर नारू और खीरेर नारू भेजूंगी'**




**बीरभूम/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि झाड़ग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अचानक 'झालमुड़ी' खरीदने के लिए रुकना सिर्फ एक 'नौटंकी' था। बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक झालमुड़ी खरीदने के लिए रुके थे, तो उस समय वहां कैमरे कैसे मौजूद थे? पूरा घटनाक्रम पहले से तय था। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इस घटनाक्रम का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि भाजपा लोगों की खानपान की आदतों पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि आपको (मोदी) अचानक झालमुड़ी पसंद आने लगी है। लेकिन भाजपा शासित राज्यों में लोगों को मछली और मटन खाने से क्यों रोका जा रहा है? पूरे घटनाक्रम की सहजता पर सवाल उठाते हुए ममता ने कहा कि वहां कैमरे पहले से ही लगा दिए गए थे। एसपीजी (प्रधानमंत्री को सुरक्षा प्रदान करने वाला बल) ने पूरी व्यवस्था की थी। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री को अपनी जेब में 10 रुपये का नोट रखे देखा गया था। क्या यह विश्वास करने लायक है? यह सब नौटंकी है।

खड़दह विधानसभा क्षेत्र में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हर किसी को अपनी पसंद का खाना खाने का अधिकार है। मुझे लिट्टी और ढोकला, सब कुछ पसंद है। तो आपको मांसाहारी खाना क्यों बंद कर देना चाहिए? उन्होंने कहा कि हम कभी किसी की खानपान की आदतों को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं करते। चुनाव जीतने के बाद मैं बंगाल आने वाले हर भाजपा नेता को तिलेर नारू (तिल के लड्डू) और खीरेर नारू (मावे के लड्डू) भेजूंगी। कोलकाता में एक चुनावी सभा में ममता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं का कार्यक्रम इस तरह से बनाते हैं कि वह राज्य के एक हिस्से में रैली को संबोधित करते हैं, लेकिन उसी दिन दूसरे हिस्से में मतदान करने वाले लोगों को प्रभावित कर सकें, जो 'नियमों के खिलाफ' है। उन्होंने आरोप लगाया कि चूंकि, निर्वाचन आयोग उनके नियंत्रण में है, इसलिए वे जो चाहें कर सकते हैं। तृणमूल सुप्रीमो ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास का जिक्र करते हुए निर्वाचन आयोग पर 'भाजपा के इशारे पर पहले लाखों नाम हटाने और फिर ऐसे लोगों को घुसपैठिया करार देने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लेकिन उच्चतम न्यायालय के निर्देश के मद्देनजर और मेरे संघर्ष के कारण, तार्किक विसंगति की श्रेणी में शामिल किए गए 60 लाख मतदाताओं में से 32 लाख के नाम मतदाता सूची में बरकरार रखे गए हैं। ममता ने कहा कि देर–सवेर, सभी वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में फिर से दर्ज हो जाएंगे। भाजपा को याद रखना चाहिए कि शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि लंबित मामलों का निपटारा न्यायाधिकरण करेंगे। ममता ने भाजपा पर 'विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदाय से निर्दलीय उम्मीदवारों को मैदान में उतारने में कुछ गद्दारों की गुप्त रूप से मदद करने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेरे इलाके भवानीपुर में भी ऐसा ही हुआ है। वे मुर्शिदाबाद और मालदा से आए हैं।

# जो सांसद ट्रेन समय पर नहीं चला सकता, वह विकास कैसे करेगा : अभिषेक बनर्जी

**❑ तृणमूल नेता ने भाजपा पर शवों पर राजनीति करने का लगाया आरोप**



**पुरुलिया :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर 'शवों पर राजनीति' करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने 2018 में अपने दो कार्यकर्ताओं की अप्राकृतिक मौत के मामले से तृणमूल कांग्रेस को गलत तरीके से जोड़ा और बाद में उन्हें (मृत कार्यकर्ताओं) तथा उनके परिवारों को पूरी तरह से भुला दिया। पुरुलिया जिले के बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार शांतिराम महतो के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने याद दिलाया कि 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने मृत कार्यकर्ताओं के परिजनों से मुलाकात की थी और उन्हें नौकरी देने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। तृणमूल नेता ने सवाल किया कि क्या पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो और बलरामपुर विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार स्पष्ट करेंगे कि मृतक दुलाल कुमार और त्रिलोचन महतो के परिजनों को वादे के मुताबिक नौकरी क्यों नहीं दी गई? क्या वे यह बताएंगे कि भाजपा नेताओं ने दोनों कार्यकर्ताओं की मौत का राजनीतिक फायदा उठाने के बाद उनके परिजनों से संपर्क क्यों तोड़ दिया? उन्होंने दुलाल और त्रिलोचन की मौत को 'दुखद' करार देते हुए दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, जो बाद के घटनाक्रमों से साबित भी हो चुका है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा की लाश की राजनीति एक शर्मनाक हरकत है, जो मृतकों का अपमान करती है। अभिषेक ने कहा कि आठ साल बाद वे (भाजपा नेता) उन दोनों को भूल चुके हैं, क्योंकि उनकी मौत से उन्हें उतना राजनीतिक लाभ नहीं मिला, जितना उन्होंने सोचा था। भाजपा शवों पर राजनीति कर रही है और परिजनों की भावनाओं का फायदा उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलकाता और अन्य क्षेत्रों में ऐसे कई मामले सामने आए, जब भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं या समर्थकों की मौत के बाद उनके परिजनों से संपर्क किया, घटनाओं को तृणमूल कांग्रेस से जोड़ा और बाद में उनसे 'किनारा' कर लिया। अभिषेक ने कहा कि यह भाजपा का असली चेहरा है। उन्होंने भाजपा पर पुरुलिया के सुदूर इलाकों के विकास के लिए बहुत कम काम करने का आरोप लगाया, जबकि जिले में भाजपा सांसदों और विधायकों का 'डबल–इंजन' प्रतिनिधित्व है। अभिषेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि अगले पांच वर्षों में जिले के हर घर में पाइप से पीने का पानी पहुंच जाए। उन्होंने भाजपा पर स्वदेशी और पिछड़े समुदायों की भावनाओं, संस्कृति एवं विरासत का सम्मान करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया है। अभिषेक ने पूछा कि क्षेत्र के कुर्मी समुदाय द्वारा बोली जाने वाली कुर्माली भाषा को मान्यता देने के लिए उन्होंने क्या किया है? हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 19 फरवरी को केंद्र को पत्र लिखकर इस भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की सिफारिश की थी। उनसे पूछिए कि केंद्र इस अनुरोध पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है। इसके विपरीत, हमारी सरकार ने इस भाषा को पहले ही उचित मान्यता दे दी है। उन्होंने कहा कि हावड़ा–चक्रधरपुर एक्सप्रेस, पुरुलिया एक्सप्रेस और रूपसी बांग्ला जैसी ट्रेनों की देरी को लेकर उन्होंने पहले भी सवाल उठाए हैं। अभिषेक ने दावा किया कि कई ट्रेनों में दो से पांच घंटे तक की देरी हो रही है, लेकिन स्थानीय सांसद इस समस्या को ठीक करने में असफल रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने तंज कसते हुए कहा कि जो सांसद अपने क्षेत्र में ट्रेन तक समय पर नहीं चला सकता, वह विकास का वादा कैसे पूरा करेगा?



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में एंटाली विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी प्रियंका टिबरेवाल के साथ रोड शो किया।

## अदिति मुंशी के नामांकन पर हाई कोर्ट सख्त, चुनाव आयोग से मांगी रिपोर्ट



**कोलकाता :** राजारहाट–गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी अदिति मुंशी के नामांकन पत्र को लेकर उठे विवाद पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। अदालत ने चुनाव आयोग से इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए 22 मई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामला नामांकन पत्र में कथित त्रुटियों से जुड़ा है। इस संबंध में निर्दलीय उम्मीदवार अरिंदम घोष ने आरोप लगाया है कि अदिति मुंशी के हलफनामे में गड़बड़ियां हैं, जिसे लेकर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान अदिति मुंशी के वकील ने अदालत को बताया कि नामांकन की जांच प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने सभी पहलुओं पर विचार कर निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी दलील दी कि यदि किसी को नामांकन पर आपत्ति है, तो उसका समाधान चुनाव याचिका के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि सीधे हाई कोर्ट में। हालांकि, अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चुनाव आयोग को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी। इस घटनाक्रम के बाद चुनावी माहौल में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। अब सबकी नजर 22 मई को आयोग की रिपोर्ट और अदालत के अगले कदम पर टिकी है।

## मोथाबाड़ी घटना के बाद मालदा में सख्ती,
## सर्वदलीय बैठक के बाद कंट्रोल रूम पहुंचे सीईओ मनोज अग्रवाल

**कोलकाता/मालदा :** मतदाता सूची से नाम कटने के मुद्दे पर मोथाबाड़ी में हुए हालिया विरोध के बाद चुनाव आयोग ने मालदा जिले में निगरानी बढ़ा दी है। सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने मालदा पहुंचकर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया और प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए। जिला प्रशासनिक भवन में पहुंचकर उन्होंने पहले अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों और नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक कर चुनाव संबंधी दिशा–निर्देश साझा किए। बैठक के बाद उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम के माध्यम से मतदान की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी। उन्होंने निगरानी में लगे अधिकारियों को 100 प्रतिशत सतर्क रहने को कहा। बैठक में राज्य के पुलिस पर्यवेक्षक हिमांशु कुमार लाल, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत में अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल केंद्रीय बल तैनात रहेंगे और उनकी अनुमति के बिना किसी को भी बूथ में प्रवेश नहीं मिलेगा। जरूरत पड़ने पर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचेंगे, जबकि कानून–व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य पुलिस संभालेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बूथ लेवल अधिकारी से लेकर अन्य कर्मियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी गई हैं और सभी राजनीतिक दलों को भी नियमों की जानकारी दे दी गई है। यदि कहीं अधिक गड़बड़ी होती है तो पुनर्मतदान का आदेश भी दिया जा सकता है। ओसी की भूमिका पर उठ रहे सवालों के संदर्भ में उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारियों को निलंबित किया गया है और शिकायतों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। इस बार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया जाएगा, लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

## विधानसभा चुनाव : दूसरे चरण में 1,448 उम्मीवार मैदान में




**❑ दूसरे चरण में चार उम्मीदवारों के पास शून्य संपत्ति**

**❑ सबसे अमीर प्रत्याशी भाजपा के पलाश राणा, संपत्ति 104 करोड़**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में चार प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनके पास एक पैसा तक नहीं है। उनकी चल व अचल संपत्ति, दोनों शून्य हैं। इनमें बेहला पश्चिम से निर्दलीय मौसमी घोष, हावड़ा मध्य से आम जनता उन्नयन पार्टी के आसिफ हुसैन, उलबेरिया पूर्व से वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया की शहजादी परवीन व उलबेरिया दक्षिण से आम जनता उन्नयन पार्टी के शेख हबीब शामिल हैं। इन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र के साथ जमा किए गए हलफनामे में यह तथ्य सामने आया है। इसके अलावा, दो प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी कुल संपत्ति मात्र 1,000 रुपये है। इनमें कैनिंग पश्चिम से निर्दलीय दिलीप संफुई व पांचला से आमरा बांगाली के शेख मोहिनुद्दीन शामिल हैं। दोनों के पास मात्र एक–एक हजार रुपये की नगदी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स व वेस्ट बंगाल इलेक्शन वाच ने दूसरे चरण के 1,448 में से 1445 प्रत्याशियों के शपथपत्रों का विश्–लेषण किया है। इसके अनुसार, 31 प्रत्याशियों की संपत्ति 10 करोड़ अथवा उससे अधिक है। सबसे अमीर प्रत्याशी रायदीघी से भाजपा के पलाश राणा हैं, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 104 करोड़ रुपये है। कसबा से तृणमूल प्रत्याशी जावेद अहमद खान पर संपत्ति (39 करोड़) से अधिक (43 करोड़) देनदारी है। यही हाल जगदल से तृणमूल प्रत्याशी सोमनाथ श्याम इचिनी का है। उनकी कुल संपत्ति 34 करोड़ है जबकि देनदारी 40 करोड़ की है। दूसरे चरण में 80 से अधिक उम्र के दो प्रत्याशी हैं। 404 प्रत्याशियों ने अपनी उम्र 25–40 वर्ष के बीच बताई है। 786 की उम्र 41–60 के बीच की है। वहीं, 253 प्रत्याशी 61–80 वर्ष के हैं। दूसरे चरण में कुल 218 महिला प्रत्याशी हैं।

**❑ 338 पर चल रहे आपराधिक मामले**

338 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र में अपने ऊपर आपराधिक मामले चलने की जानकारी दी है। इनमें 295 ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक चलने की बात कही है। 16 उम्मीदवारों ने बताया कि उनपर हत्या के मामले चल रहे हैं। वहीं, 94 पर महिलाओं पर अत्याचार से संबंधित मामले चल रहे हैं।

## इकबालपुर थाना के सामने भाजपा का प्रदर्शन, पुलिस ने भाजपा समर्थकों पर किया लाठीचार्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में चुनावी माहौल के बीच हिंसा की घटना सामने आई है। सोमवार की शाम भाजपा के कोलकाता पोर्ट सीट से उम्मीदवार राकेश सिंह पर कथित रूप से हमला किया गया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, शाम को राकेश सिंह किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हालांकि, हमले में उन्हें कितनी चोटें आईं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। हमले के विरोध में बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों ने इकबालपुर थाने के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हमलावरों की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य में न्यायिक अधिकारी सुरक्षित नहीं तो निवेशक खुद को सुरक्षित कैसे मानेंगे : स्मृति ईरानी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनाव प्रचार के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने सोमवार को ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य के निवेश माहौल और कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो निवेशक राज्य में खुद को सुरक्षित कैसे महसूस करेंगे। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह देश का एकमात्र राज्य है जहां न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटना हुई। क्या किसी अन्य राज्य में ऐसा देखा गया है? क्या किसी अन्य राज्य में राष्ट्रपति का अपमान देखा गया है? ये संस्थाएं राजनीति से ऊपर हैं। जब न्यायिक अधिकारी पश्चिम बंगाल में सुरक्षित नहीं हैं, तो निवेशक खुद को सुरक्षित कैसे मानेंगे? इस दौरान, स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश की आम महिलाओं को राजनीतिक अधिकार और नीति निर्माण में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से लाया गया था। उन्होंने कहा कि संसद देश के हितों के लिए काम करती है, किसी एक दल के हितों के लिए नहीं।

# यह चुनाव जनता के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का अंतिम अवसर है : योगी आदित्यनाथ

**❑ टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार, अराजकता और महिला विरोधी राजनीति का लगाया आरोप**



**पश्चिम मेदिनीपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चुनाव को राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का 'अंतिम अवसर' बताया, जिसमें 'तृणमूल कांग्रेस के वर्षों के कुशासन' के कारण 'गिरावट आयी है। योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला में एक चुनावी रैली में कहा कि यह महज एक सामान्य चुनाव नहीं है। बंगाल एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। दिशा बदलने और विकास को वापस पटरी पर लाने का यह आखिरी मौका है। उत्तर प्रदेश और बंगाल की तुलना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से पहले उनके राज्य में भी स्थिति कुछ ऐसी ही थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, तब से कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह का मॉडल बंगाल को भी बदल सकता है। उन्होंने चुनाव को बंगाल के भविष्य के लिए एक 'महत्वपूर्ण समय' के तौर पर प्रस्तुत किया और मतदाताओं से विकास और सुशासन के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली 'डबल इंजन सरकार' को सत्ता में लाने का आग्रह किया। आदित्यनाथ ने राज्य में सत्तारूढ़ दल पर कोयला, रेत और जमीन के कारोबार में 'माफिया राज' को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया और राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति में गिरावट का आरोप लगाया। भाजपा नेता आदित्यनाथ ने कहा, ''कोई भी सुरक्षित नहीं है, ना महिलाएं, ना व्यापारी, ना किसान। त्योहारों पर पाबंदियां और हिंसा हो रही है। यह मौजूदा सरकार के शासन मॉडल को दर्शाता है। उन्होंने 2029 में विधायिका में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने वाले विधेयक का भी उल्लेख किया, जो लोकसभा में अटक गया था। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने प्रस्तावित कानून का विरोध करके 'महिलाओं का अपमान' किया है। बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि कभी उद्योग और बौद्धिक विकास में भारत का नेतृत्व करने वाला यह राज्य कांग्रेस, वामदल और तृणमूल कांग्रेस की लगातार सरकारों के तहत रास्ता भटक गया। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में पिछले दशक में औद्योगिक गिरावट, बेरोजगारी और व्यवसायों का बंद होना देखा गया। उन्होंने भाजपा के प्रतिद्वंद्वियों पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। आदित्यनाथ ने कहा कि पंद्रह साल काफी हैं। अब भ्रष्टाचार, हिंसा और कुशासन को समाप्त करने का समय है। विकास की शुरुआत होनी चाहिए।

### 'नौकरी देना नहीं, बेचने का काम करती हैं मुख्यमंत्री', शुभेंदु अधिकारी का ममता पर तंज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में नौकरी विवाद को लेकर एक बार फिर सियासी माहौल गरमा गया है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि राज्य सरकार योग्य अभ्यर्थियों को नौकरी देने में विफल रही है, बल्कि नौकरी बेचने और योग्य लोगों को वंचित करने का काम किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को एक्स पर जारी अपने संदेश में आरोप लगाया कि योग्य उम्मीदवारों की नौकरी छीन ली गई और अपनी राजनीतिक छवि बचाने के लिए लगातार झूठे आश्वासन दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकार को विवाद से निकालने के लिए कथित तौर पर पटकथा लिखी, अब उन्हीं लोगों को नौकरी का इनाम दिया जा रहा है।

# फॉर्म-6 से 7 लाख नए मतदाताओं को जोड़ने के खिलाफ मौखिक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा... 'ठोस सबूत के बिना संभव नहीं'**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग ने लाखों नए वोटर जोड़ दिए हैं। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में मामला उठाया गया, लेकिन अदालत ने साफ कहा कि बिना ठोस आधार के इस तरह की जांच नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य में फॉर्म-छह के जरिए करीब पांच से सात लाख



नए वोटर जोड़े गए हैं। उनका दावा था कि यह प्रक्रिया तय समय सीमा के बाद की गई है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वोटरों का जुड़ना चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकता है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि इस तरह के मामलों में फिशिंग इंक्वायरी यानी बिना ठोस सबूत के जांच नहीं की जा सकती। अदालत ने साफ कहा कि अगर किसी को चुनौती देनी है, तो ठोस आधार और तथ्य पेश करने होंगे। कोर्ट ने इस तरह की सामान्य और अधूरी जानकारी पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि फॉर्म-6 का इस्तेमाल नए वोटर जोड़ने या एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में नाम स्थानांतरित करने के लिए होता है। लेकिन यह प्रक्रिया एक तय कट-ऑफ तारीख के बाद नहीं की जा सकती। आरोप है कि इसके बावजूद बड़ी संख्या में वोटर जोड़े गए, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

**❑ चुनावी ट्रिब्यूनलों के कामकाज पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, हाई कोर्ट से मांगी रिपोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य में हुए वोटर लिस्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़े विवादों पर सुनवाई करते हुए एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मंगवाएगा, खासकर उन अपीलीय ट्रिब्यूनलों के कामकाज को लेकर जिन्हें वोटर लिस्ट से जुड़े विवादों को सुनने के लिए बनाया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की बेंच के सामने यह मुद्दा रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों के बावजूद ये अपीलीय ट्रिब्यूनल सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये ट्रिब्यूनल सिर्फ ऑनलाइन यानी इंटरनेट के जरिए ही आवेदन स्वीकार कर रहे हैं और लोगों को वकील के जरिए अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी जा रही है। ऐसे में जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया है, उन्हें अपील करने का पूरा और निष्पक्ष मौका नहीं मिल पा रहा। कामत ने कहा कि ट्रिब्यूनल ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। सिर्फ कंप्यूटर और इंटरनेट आधारित आवेदन लिए जा रहे हैं। लोगों को प्रतिनिधित्व की अनुमति नहीं है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। इस पर, कोर्ट ने भी चिंता जताई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस तरह की शिकायतें बार-बार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में सीधे कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मंगवाई जाएगी ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। बेंच ने कहा कि हर बार इस मुद्दे पर नई-नई शिकायत आ रही है, इसलिए बेहतर होगा कि आज ही हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट ली जाए।

### बेलडांगा हिंसा मामले में 15 आरोपितों की जमानत रद्द करवाने हाई कोर्ट पहुंची एनआईए

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुई हिंसा के मामले में आरोपितों की जमानत रद्द करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंची। एजेंसी ने न्यायमूर्ति अरिजीत बंद्योपाध्याय और न्यायमूर्ति अपूर्व सिंह राय की खंडपीठ के समक्ष अपनी अपील रखी। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को तय की है। एनआईए ने अदालत में कहा कि बेलडांगा हिंसा मामले में गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम की धारा 15 लागू होगी या नहीं, इसकी जांच सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर की जा रही है। लेकिन, जांच पूरी होने से पहले ही निचली अदालत ने हिंसा मामले के 15 आरोपितों को जमानत दे दी। इसी कारण एजेंसी ने उनकी जमानत रद्द करने की मांग की है। न्यायमूर्ति बंद्योपाध्याय ने कहा कि यदि एनआईए उचित कारण प्रस्तुत करती है, तो आरोपितों की जमानत रद्द की जा सकती है।

## हुगली में धारा 163 लागू




**हुगली :** विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनज़र भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी ने पूरे जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। आदेश के तहत पांच या अधिक लोगों के जमावड़े, जुलूस, रैली और बिना अनुमति सभा पर रोक रहेगी। हथियार, विस्फोटक सामग्री ले जाने और सार्वजनिक स्थानों पर पटाखा फोड़ने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। भड़काऊ भाषण, पोस्टर-बैनर और दीवार लेखन भी निषिद्ध रहेगा। मतदान के दिन पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के भीतर प्रचार, पोस्टर प्रदर्शन या मतदाताओं को प्रभावित करने पर सख्ती रहेगी। 48 घंटे पहले से लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी रोक लागू होगी। हालांकि, चिकित्सा आपात स्थिति और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को छूट दी गई है। यह आदेश 26 अप्रैल शाम 6 बजे से 29 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

### आई-पैक निदेशक ऋषि राज सिंह के प्रतिनिधि छापेमारी मामले में ईडी के समक्ष हुए पेश

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के निदेशक ऋषि राज सिंह के एक कानूनी प्रतिनिधि सोमवार को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि ऋषि राज सिंह के एक कानूनी प्रतिनिधि हाल ही में की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा निकालने की प्रक्रिया में एजेंसी की मदद करने के लिए उसके समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने बताया कि दो अप्रैल को सिंह के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान कार्यकारी के परिसर से जब्त किए गए कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा निकालने में सहायता करने के लिए सिंह के एक अधिकृत प्रतिनिधि जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जय कामदार को 28 अप्रैल तक ईडी हिरासत

**❑ छापेमारी में बड़े खुलासे, आरोपी ने पुलिस के बीच पैठ का उठाया फायदा**

**❑ कारोबारी पर शेल कंपनियों के जरिए 1100 करोड़ हेरफेर करने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19(1) के तहत जय कामदार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू और अन्य लोगों से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सोमवार को कोलकाता स्थित बिचार भवन में विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ईडी को आगे की जांच के लिए नौ दिनों की हिरासत प्रदान की है। जांच एजेंसी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह सामने



आया है कि जय एस. कामदार का सोना पप्पू, उर्फ बिस्वजीत पोद्दार, के साथ घनिष्ठ संबंध था, और दोनों के बीच बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन होते थे। यह भी आरोप है कि कामदार ने बिस्वजीत पोद्दार की पत्नी, सोमा सोनार पोद्दार, को हथियार भी उपलब्ध कराए थे, हालांकि उन्होंने इस संबंध में किसी भी जानकारी से इनकार किया है। ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि जय एस. कामदार कई फर्जी कंपनियों यानी शेल कंपनियों के माध्यम से अवैध घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाला लेन-देन में शामिल था। इसके तहत उसने करीब 1100 करोड़ की हेर-फेर की है। इन कंपनियों की विस्तृत जांच अभी जारी है। एजेंसी का कहना है कि इन लेन-देन के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन को इधर-उधर किया गया। इसके अलावा, जांच में यह भी सामने आया है कि जय एस. कामदार का कुछ पुलिस अधिकारियों के साथ भी करीबी संपर्क था। आरोप है कि वह इन अधिकारियों और उनके परिवारों को महंगे उपहार और अन्य लाभ देता था, ताकि अपने अवैध कामों में उसे सहयोग मिल सके। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि उसने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर कुछ मामलों में निर्दोष लोगों के खिलाफ शिकायतें दर्ज करवाईं और संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिश की। जांच में कई अचल संपत्तियों की भी पहचान हुई है, जो कथित तौर पर अवैध गतिविधियों से अर्जित की गई हैं। एजेंसी के अनुसार, अपराध से अर्जित धन का उपयोग जबरन वसूली, रियल एस्टेट संपत्तियों पर कब्जा करने और बिना अनुमति निर्माण गतिविधियों में किया गया है। इस पूरे मामले की जांच अभी जारी है और आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### केंद्रीय बल के जवान ने की आत्महत्या की कोशिश

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में चुनावी ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय बल के एक जवान ने आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, सोमवार की दोपहर मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर विधानसभा क्षेत्र के शक्तिपुर थाना इलाके में यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक, बाजारसौ उच्च माध्यमिक हाईस्कूल में केंद्रीय बल का शिविर बनाया गया है। वहीं तैनात सीआरपीएफ की 142वीं बटालियन के एक हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि उक्त जवान दक्षिण भारत का निवासी है और करीब एक महीने पहले असम में चुनाव ड्यूटी पूरी कर यहां आया था। सूत्रों के अनुसार, जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली उसके बाएं कंधे को आर-पार कर गई। उसे तुरंत इलाज के लिए बहरमपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल, उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आत्महत्या के प्रयास के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री श्याम मंदिर, आलम बाजार में किए दर्शन

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित श्री श्याम मंदिर, आलम बाजार में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला, जब राजस्थान के मुख्यमंत्री का आगमन दर्शन हेतु हुआ। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 18 अप्रैल को कोलकाता स्थित श्री श्याम मंदिर, आलम बाजार में दर्शन करने पहुंचे थे। इस मौके पर गणमान्य अतिथि के रूप में श्री श्याम प्रेम मंडल (काठगोला), श्री श्याम परिवार (सिद्धा), श्री श्याम सेवा संघ (हिंदमोटर), अरविंद जालान, श्री लाखोटिया, नरेंद्र चौधरी, सुनील चौधरी, प्रकाश चंडालिया, राजकुमार मुसद्दी, रमेश खेतान, गजानंद बिड़दीका, बिमल बैगानी, सुरेश अग्रवाल (डनलप), सुनील खेतान, गणेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल (बागुईहाटी),



बजरंग केजरीवाल, मनोज अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता, राजपाल गुप्ता और विजय भुत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंदिर की ओर से कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। इनमें बालमुकुंद अग्रवाल, टोनु भावसिंहा, विनोद अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र राय, अशोक अग्रवाल, मनोज सिंह, श्याम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल (कमरहटी), अशोक अग्रवाल (कमरहटी), बिहारी लाल अग्रवाल, मनोहर केजरीवाल, भवानी शंकर अग्रवाल और गौरव सेठ उपस्थित रहे।

## पूर्व रेलवे का टिकट जांच में शानदार प्रदर्शन, आय और मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए अपने प्रयासों को और तेज कर दिया है। वैध टिकटधारी यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न सेक्शनों में नियमित और सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। यह अभियान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उदय शंकर झा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं और जागरूकता अभियानों को और सशक्त बनाएं, ताकि इस समस्या को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पूर्व रेलवे ने टिकट जांच के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इस अवधि में टिकट जांच से 100.67 करोड़ की आय अर्जित की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24.74 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बिना टिकट या अनियमित यात्रा के कुल 24.39 लाख मामले दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.37 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाते हैं। यह उपलब्धि रेलवे की राजस्व सुरक्षा और अनुशासित यात्रा व्यवस्था को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस सफलता में टिकट जांच कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। प्रमुख स्टेशनों, ट्रेनों और संवेदनशील मार्गों पर नियमित जांच अभियान, भीड़भाड़ के समय के अनुसार कर्मचारियों की तैनाती, स्टेशनों के प्रवेश-निकास बिंदुओं पर सघन जांच और आरपीएफ तथा जीआरपी के साथ समन्वय जैसे उपायों ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक दो महीने में उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाता है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट और पहचान पत्र के साथ यात्रा करें, ताकि किसी भी असुविधा या जुर्माने से बचा जा सके।

### कोक स्टूडियो भारत का 'बुलेया वे'-बुल्ले शाह की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाता एक नया अंदाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोक स्टूडियो भारत ने अपने चौथे सीजन की दूसरी पेशकश के रूप में नया गीत 'बुलेया वे' जारी किया है, जो सूफी कविता और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। यह गीत सूफी संत बुल्ले शाह और उनके गुरु शाह इनायत की प्रेरक कथा से प्रेरित है, जो अहंकार से विनम्रता और विरह से आत्म-खोज की यात्रा को दर्शाता है। गाने में मधुर शर्मा, अशोक मस्कीन और स्वरित शुक्ल ने अपनी आवाज और संगीत से गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति दी है। विशेष रूप से जालंधर के मिल वर्कर अशोक मस्कीन की सरल और सच्ची आवाज गीत को एक अलग ही ईमानदारी प्रदान करती है, जबकि मधुर शर्मा की भावनात्मक गायकी और स्वरित शुक्ल का सधा हुआ प्रोडक्शन इसे और प्रभावशाली बनाता है। निर्माताओं के अनुसार, यह गीत अहंकार से समर्पण और दूरी से पुनः मिलन की उस यात्रा को दर्शाता है, जिसमें इंसान स्वयं को पहचानता है। कोक स्टूडियो भारत के अनुसार, 'बुलेया वे' भारतीय संगीत की विविधता और गहराई को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रयास है, जो परंपरा और आधुनिकता को एक साथ जोड़ता है।

### नेशनल पीआर डे कॉन्क्लेव 2026 में डिजिटल पीआर, वाइरैलिटी और प्रतिष्ठा प्रबंधन पर हुई विस्तृत चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज एकेडमी द्वारा कैंडिड बाय पारोमिता के सहयोग से आयोजित नेशनल पीआर डे कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन डिजिटल पीआर इन द एज ऑफ एआई एंड वाइरैलिटी: मैनेजिंग रेप्युटेशन एंड क्राइसिस विषय पर किया गया। इस कॉन्क्लेव में मीडिया, हेल्थकेयर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, एडवरटाइजिंग, फिल्म, रेडियो और शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए और एआई आधारित डिजिटल युग में पब्लिक रिलेशंस के बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की। कॉन्क्लेव में यह बात प्रमुख रूप से सामने आई कि डिजिटल मीडिया अब विकल्प नहीं बल्कि संचार का प्रमुख माध्यम बन चुका है, और पीआर प्रोफेशनल्स को तकनीक, रचनात्मकता और दर्शक समझ के साथ स्वयं को लगातार अपडेट करना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि पीआर का भविष्य तकनीक, विश्वास, रचनात्मकता और संकट प्रबंधन के संतुलन पर निर्भर करेगा। इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि यह कॉन्क्लेव एआई और डिजिटल युग में संचार के भविष्य को समझने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कैंडिड बाय पारोमिता की फाउंडर डायरेक्टर पारोमिता घोष ने कहा कि आज पीआर केवल संदेश प्रसारण नहीं बल्कि भरोसेमंद और रणनीतिक कहानी निर्माण की प्रक्रिया है। द हेरिटेज एकेडमी की डीन डॉ. मधुपा बक्शी ने कहा कि भावी मीडिया प्रोफेशनल्स को तकनीक के साथ नैतिकता और रचनात्मकता को भी साथ लेकर चलना होगा। इस अवसर पर द हेरिटेज एकेडमी क प्रिंसिपल प्रो. गौर बनर्जी, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी सहित हेरिटेज ग्रुप के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने पूर्व सांसद नुसरत जहां को किया तलब



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनावी माहौल के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद व बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री नुसरत जहां को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें राज्य में पहले चरण की वोटिंग से एक दिन पहले 22 अप्रैल को सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के इडी कार्यालय में पेश होने का निर्देश दिया है। ईडी की जांच में एक विशेष इनपुट के आधार पर जांच के दौरान नुसरत जहां का नाम सामने आया है। मामला उन आरोपों से जुड़ा है, जो कुछ वर्ष पहले बांग्लादेश में गेहूं तस्करी को लेकर उठे थे। उस समय नुसरत जहां बशीरहाट की सांसद थीं। एजेंसी यह जांच कर रही है कि उस अवधि में किसी प्रकार का वित्तीय लेन-देन हुआ था या नहीं। हालांकि, उनकी पेशी को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। चर्चा है कि नुसरत जहां ने विशेष अनुरोध कर दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने की अनुमति मांगी है। वह कोलकाता की बजाय दिल्ली में जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित हो सकती हैं। इसी बीच, यह भी जानकारी सामने आयी है कि नुसरत जहां इन दिनों विदेश में छुट्टियां मना रही हैं। ऐसे में समन के बाद उनकी उपस्थिति को लेकर अनिश्चितता भी बनी हुई है।

## रमेश चंद्र पारेख ज्वेलर्स की 69वीं वर्षगांठ पर उमड़ा ग्राहकों का सैलाब



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रतिष्ठित रमेश चंद्र पारेख ज्वेलर्स, बड़ाबाज़ार में आयोजित 69वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्राहक एवं कई पीढ़ियों के परिवारों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। यह आयोजन 19 और 20 अप्रैल 2026 को संपन्न हुआ। लगभग सात दशकों से यह प्रतिष्ठान अपने विश्वास, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता रहा है। इस वर्षगांठ समारोह का प्रमुख आकर्षण ग्राहकों के लिए दिया गया केवल 7% मेकिंग चार्जेस का विशेष ऑफर रहा, जिसे ग्राहकों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी की। अब यह प्रतिष्ठित ज्वेलरी संस्थान अपने 70वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई कि 09 मई 2027 (रविवार) को और भी भव्य एवं भव्यतम समारोह का आयोजन किया जाएगा। तीन पीढ़ियों और सात दशकों की विरासत के साथ आने वाला वर्ष इस प्रतिष्ठान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगा।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग सिंडिकेट मामले में कोलकाता के डीसीपी और उनके दो बेटों को भेजा समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) शांतनु सिन्हा बिस्वास और उनके दो बेटों को कुख्यात व फरार गैंगस्टर सोना पप्पू से जुड़े एक मनी-लॉन्ड्रिंग सिंडिकेट के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। बता दें कि रविवार को ईडी के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के फर्न रोड स्थित सिन्हा बिस्वास के घर और उनके एक बेटे के कोचिंग सेंटर पर लंबी छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था। इस मामले से जुड़े अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को पता चला है कि कालीघाट थाने के इंचार्ज रह चुके डीसीपी के सोना पप्पू और शहर के एक प्रमोटर से करीबी संबंध थे। सूत्रों ने बताया कि अब बिस्वास और उनके दोनों बेटों को समन जारी किया गया है, ताकि कामदार और सोना पप्पू के साथ उनके संभावित वित्तीय संबंधों के बारे में पूछताछ की जा सके।

### सावनसुखा ज्वेलर्स में अक्षय तृतीया पर उमड़ा विश्वास, ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** सावनसुखा ज्वेलर्स के शोरूम में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर इस वर्ष ग्राहकों की अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही शोरूम ग्राहकों से खचाखच भरे रहे, जो इस पर्व की सांस्कृतिक महत्ता और ब्रांड के प्रति गहरे विश्वास को दर्शाता है। कंपनी ने इसे असाधारण ग्राहक प्रतिक्रिया बताया है, जिसने इसे देश के प्रमुख ज्वेलरी गंतव्यों में एक बार फिर मजबूत स्थिति दिलाई है। इस दौरान सोने, हीरे, जड़ाऊ और हल्के वजन वाले आभूषणों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन खरीदारी को शुभ माना जाता है, जिससे बिक्री में खासा उछाल देखा गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सावनसुखा ने कहा, अक्षय तृतीया आस्था और समृद्धि का पर्व है। इस वर्ष ग्राहकों के अपार प्रेम और विश्वास से हम बेहद अभिभूत हैं। हमारे डिजाइन, नीतियों और पारदर्शिता पर ग्राहकों ने भरोसा जताया है। हमारे आभूषण भावनाओं, कहानियों और अर्थ से जुड़े होते हैं, जो ग्राहकों के साथ गहरा संबंध बनाते हैं।

### जलदान है महापुण्य का कार्य : पं. दीपक मिश्रा

**❑ हरोगंज बाजार प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर में पेयजल सेवा का शुभारंभ**



**हावड़ा :** 'हमारे वेद-पुराणों में जलदान को महान पुण्यदायी बताया गया है। हमारे पूर्वज भी जलदान के प्रति काफी सजग थे जो अपने समय में राहगीरों के लिए प्याउ और जलसंकट से प्रभावित क्षेत्रों में कुएं-बावड़ी-जलाशयों का निर्माण करवाते थे।' ये उद्गार सोमवार को सलकिया के प्राचीन सिद्ध हरोगंज बाजार श्री हनुमान मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर बम बासुकी ग्रुप (सलकिया) और श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द (बांधाघाट) के तत्वावधान में जलसेवा का शुभारंभ करते हुए मंदिर के मुख्य सेवायत पं. दीपक मिश्रा ने व्यक्त किए। इससे पूर्व, पं. मिश्रा ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य इस कार्य हेतु पूजन करवाया। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों से विरासत में मिले सेवाभावों को आगे बढ़ाने का जो कार्य हो रहा है वो निश्चित ही सैकड़ों-हजारों लोगों को उपकृत करेगा। दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि आज से शुरू हुआ जलसेवा का यह कार्य पूरे ग्रीष्म ऋतु तक प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक चलेगा जिससे न केवल मंदिर में आने वाले श्रद्धालू अपितु राहगीरों को भी अपनी प्यास बुझाने में मदद मिलेगी। अक्षय तृतीया पर शर्बत, शीतल पेय आदि का विशेष प्रबंध किया गया जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।

## पूर्व रेलवे का बंडेल-कटवा सेक्शन पर बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड, सुरक्षा व संचालन में होगा सुधार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बंडेल-कटवा सेक्शन पर व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस कड़ी में 18 अप्रैल 2026 को मेगा ब्लॉक लेकर कई महत्वपूर्ण तकनीकी और रखरखाव कार्य किए गए, ताकि भविष्य में ट्रैफिक संचालन प्रभावित न हो। हावड़ा डिवीजन द्वारा ऑपरेटिंग, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार और ट्रैक्शन विभागों के समन्वय से यह कार्य संपन्न हुआ। इंजीनियरिंग टीम ने गुप्तीपाड़ा (गेट संख्या 8/1) और पाटुली (गेट संख्या 18/2) के पास दो लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) स्थापित किए, जिससे सड़क सुरक्षा, जल निकासी और ट्रैक स्थिरता में सुधार होगा।

इसके साथ ही शैडो वर्क के तहत पांच स्विचों की टैम्पिंग, अप लाइन पर रेल पाइलिंग, थिक वेब स्विच कन्वर्जन, सबवे एप्रोच पर एसकेवी वेल्डिंग और स्विच एक्सपेंशन जॉइंट फ्लैंज टेस्टिंग की गई। बंडेल स्टेशन क्षेत्र में डबल स्लिप डायमंड क्रॉसिंग का नवीनीकरण भी किया गया, जिससे ट्रेनों की आवाजाही और अधिक सुचारू होगी। ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन विभाग ने भी इस



दौरान लंबित ओवरहेड उपकरण कार्य पूरे किए। इसमें 2 गैंट्री, 6 क्रॉसओवर और 6 सेक्शन इंसुलेटर का वार्षिक ओवरहॉल, 2 लाइटनिंग अरेस्टर का प्रतिस्थापन, 36 स्थानों पर एसी ओएचई मेंटेनेंस, 14 जंपर की जांच व पुनःस्थापना, 16 सैडल की व्यवस्था, 25 अन्य मेंटेनेंस कार्य, 4 रेगुलेटिंग उपकरणों का ओवरहॉल और 1 कैटेनेरी स्प्लाइसिंग शामिल है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इन उन्नयन कार्यों का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और भविष्य में तेज व विश्वसनीय रेल सेवा सुनिश्चित करना है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुरुआत की 'एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम'

**कोलकाता :** अपने 31वें फाउंडेशन डे के अवसर पर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज कंपनी सेक्रेटरीज़ के लिए एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक संरचित, सुरक्षित और प्रोफेशन सेंट्रिक प्रीमियम बैंकिंग इकोसिस्टम है, जिसे विशेष रूप से भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और अनुपालन के संरक्षकों कंपनी सेक्रेटरीज़ के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी सेक्रेटरीज़ की विशिष्ट पेशेवर ज़िम्मेदारियों, वित्तीय व्यवहार और गवर्नेंस प्रेरित सोच को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया एयू रॉयल प्रोग्राम, विशेष करंट और सेविंग्स अकाउंट, प्रोफेशन लिंक्ड प्रीमियम क्रेडिट कार्ड तथा पूरक क्रेडिट समाधानों को एक साथ लाता है, जिन्हें प्राथमिक सेवाओं और रिलेशनशिप आधारित बैंकिंग दृष्टिकोण का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उत्तम त्रिवेदी, डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा, कंपनी सेक्रेटरीज़ कॉरपोरेट भारत में संस्थागत विश्वास, गवर्नेंस की शुचिता और नियामकीय अनुशासन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं।

### यस बैंक का चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2026 में मजबूत प्रदर्शन

**मुंबई/कोलकाता :** यस बैंक ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जो लाभप्रदता में निरंतर वृद्धि, परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार और तीव्र वृद्धि को दर्शाते हैं। बैंक का तिमाही लाभ 1,068 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 44.7% अधिक है, जबकि पूरे वर्ष का लाभ 3,476 करोड़ रुपये रहा, जो 44.5% अधिक है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 2,638 करोड़ रुपये रही, जो वार्षिक आधार पर 15.9% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन वार्षिक आधार पर 20 बीपीएस बढ़कर 2.7% हो गया। गैर-ब्याज आय पूरे वित्त वर्ष के दौरान सालाना आधार पर 15.4% बढ़कर 6,759 करोड़ रुपये हो गई। परिणामों और वित्तीय प्रदर्शन पर यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय एम टोनसे ने कहा, यस बैंक ने वित्त वर्ष 2026 का समापन मजबूत स्थिति में किया, जिसमें हमारी उम्मीदों के अनुरूप 1.0% की चौथी तिमाही की आरओए हासिल हुई।

# तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध करके महिलाओं के साथ 'विश्वासघात' किया : नितिन नवीन

**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा प्रमुख नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध करके उनके (महिलाओं के) साथ 'विश्वासघात' किया है। पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामला 'अल्पसंख्यकों के आरक्षण' का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में 'मीलों' पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और



अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। भाजपा नेता ने नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास और तृणमूल द्वारा इसे 'बाधित' करने के बीच के अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेन्द्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। नवीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखाली से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक 'पीड़ित' और 'परेशान' रहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। नवीन ने तृणमूल की 'तुष्टीकरण की राजनीति' पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को 'डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट' किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने विश्वास जताया कि 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान में लोग 'सनातन विरोधी ताकतों' को करारा जवाब देंगे। नवीन ने 'सिंडिकेट' संस्कृति को खत्म करने और योग्यता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में 'परिवर्तन की लहर' चल रही है, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'विकसित बंगाल' का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## चौरंगी में बदलाव की लहर, भाजपा उम्मीदवार संतोष पाठक का दावा-एकतरफा होगी जीत



**कोलकाता, समाज्ञा :** चौरंगी सीट पर सियासी हलचल लगातार बढ़ रही है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार संतोष पाठक ने तृणमूल कांग्रेस की प्रत्याशी नयना बंदोपाध्याय पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया है कि इस बार मुकाबला एकतरफा होने जा रहा है और तृणमूल उम्मीदवार की स्थिति कमजोर पड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है और भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। संतोष पाठक ने आरोप लगाया कि बीते वर्षों में चौरंगी में विकास के नाम पर केवल वादे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अब इन वादों से निराश हो चुकी है और इस बार मतदान के जरिए अपना फैसला सुनाने के लिए तैयार है। उनके अनुसार, तृणमूल कांग्रेस जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। पाठक ने दावा किया कि चौरंगी में इस बार राजनीतिक हवा बदल चुकी है और बड़ी संख्या में लोग खुलकर भाजपा के समर्थन में सामने आ रहे हैं, जिससे पार्टी को निर्णायक बढ़त मिलने की संभावना है। अपने बयान में संतोष पाठक ने एक कड़ा रुख भी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं कर रहे हैं, बल्कि जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार बनने के बाद वादों को पूरा करने में ढिलाई बरती गई, तो वे कड़ा कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे, भले ही इसके लिए उन्हें पार्टी से अलग होना पड़े। चौरंगी सीट पर जहां तृणमूल कांग्रेस अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने में जुटी है, वहीं भाजपा भी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रही है। क्षेत्र में सभी दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है

## विधानसभा चुनाव : पहले चरण के मतदान से पहले 135 अपराधी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाई में चार जिलों से आपराधिक पृष्ठभूमि और आपराधिक आरोपों वाले 135 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इन चार जिलों में 23 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में मतदान होने हैं। ये गिरफ्तारियां कूचबिहार, मालदह, मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना सहित चार जिलों में रातों-रात चलाये गये एक अभियान के दौरान की गईं। ये गिरफ्तारियां चुनाव आयोग के उन निर्देशों के बाद हुई हैं, जिसमें राज्य पुलिस को प्रदेश भर के थानों में चिह्नित उपद्रवियों, आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों और लंबित मामलों वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

Offline Short Notice Inviting Tender No-04/City(E) & 05/City(M) & 06/ City (M) of 2026-27 from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on 21.04.2026 up to 12.00 hrs. Other details may be seen from the web site: www.pwdwb.in

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**आवश्यक सूचना / सार्वजनिक सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पश्चिम बंग प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन W.B.Societies Act 1961, में S0122423 के अंतर्गत एक स्वतंत्र पृथक एवं विधिवत पंजीकृत संस्था है और कभी भी अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधीन नहीं रहा है। दोनों संस्थाओं के मध्य संबंध केवल आपसी सहमति, सहयोग एवं समाजहित में संयुक्त रूप से कार्य करने की स्वैच्छिक भावना पर आधारित रहे हैं।

पश्चिम बंग प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने सदैव सद्भावपूर्वक साथ मिलकर चलने एवं हाथ से हाथ मिलाकर कार्य करने का प्रयास किया, किन्तु नीतियों, कार्यप्रणाली एवं संगठनात्मक विचारों में मूलभूत असमानता के कारण दिनांक 18.04.2026 को अध्यक्ष महोदय के निवास स्थान पर उनकी अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि- पश्चिम बंग प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन से स्वयं को पृथक करता है तथा 18.04.2026 से अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के साथ इसकी संबद्धता (Affiliation) तत्काल प्रभाव से समाप्त मानी जाएगी।

पश्चिम बंग प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन अब अपने संविधान, पंजीकरण एवं वैधानिक अधिकारों के अनुरूप स्वतंत्र रूप से संचालित होगा, तथा संस्था के सभी सदस्यों की सदस्यता पूर्ववत यथावत बनी रहेगी।

यह निर्णय किसी विवाद की भावना से नहीं, बल्कि संगठन की स्वायत्तता, गरिमा एवं समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया है।
-पश्चिम बंग प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन
नन्द किशोर अग्रवाल अध्यक्ष

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता कार्यालय के लिए सामान्य परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के कार्य हेतु पूर्व प्रकाशित निविदा सं. 03डब्ल्यूटीसीएसओसीईआर2025-26 ई-टेंडरिंग (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) में संशोधन। उपरोक्त निविदा के बंद होने की तारीख 21.04.2026 को 15.00 बजे से आगे बढ़ा कर 30.04.2026 को 15.00 बजे कर दी गई है। उपरोक्त निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। (CON-03/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**डाहापाड़ा धाम हाल्ट स्टेशन पर कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव**

श्री श्री प्रभु जगतबंधु सुंदर की जयंती के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए, निम्नलिखित अप और डाउन पैसेंजर ट्रेनें दिनांक 24.04.2026 से 03.05.2026 तक बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज लूप सेक्शन में लालबाग कोर्ट रोड और आजिमगंज जंक्शन स्टेशनों के बीच डाहापाड़ा धाम हाल्ट स्टेशन पर एक (01) मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करेंगी।

ट्रेन नं. और नाम: (1) 53005/53006 कटवा-आजिमगंज-कटवा पैसेंजर, (2) 63007/63008 कटवा-रामपुरहाट-कटवा मेमू पैसेंजर, (3) 53011 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर, (4) 63031/53016 कटवा-आजिमगंज-कटवा पैसेंजर, (5) 53015/53014 कटवा-आजिमगंज-कटवा पैसेंजर, (6) 53001/53002 हावड़ा-आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर, (7) 63019/63020 कटवा-आजिमगंज-कटवा पैसेंजर।

मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-डानकुनी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन**

ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 06037/06038 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-डानकुनी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

| एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-डानकुनी | | | (06037) (06038) | डानकुनी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 10.30 | एमजीआर चेन्नई सेंट्रल | 15.00 | – | मंगल |
| रवि | 19.00 | 19.10 | विजयवाड़ा | 05.50 | 06.00 | सोम |
| | 09.50 | 09.52 | भुवनेश्वर | 15.25 | 15.30 | |
| | 16.30 | 16.40 | खड़गपुर | 08.25 | 08.35 | |
| | 22.00 | – | डानकुनी | – | 05.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में गुडूर, नेल्लोर, ओंगोल, राजमुंद्री, सामलकोट, दुव्वाडा, विजयनगरम, पलासा, खोरधा रोड, कटक, भद्रक, बालेश्वर और आंदुल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से–06037** दिनांक 25.04.2026 (शनिवार) को=01 ट्रिप और **डानकुनी से–06038** दिनांक 27.04.2026 (सोमवार) को=01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी-8, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस)-11, एलएसएलआरडी-2 और पैंट्री कार (लॉक्ड)-1=कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## उत्तर हावड़ा में भाजपा उम्मीदवार उमेश राय ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र

- **विकास और बुनियादी सुविधाओं पर जोर**
- **पानी, सफाई और शिक्षा–तीनों पर बड़े बदलाव का दावा**



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार उमेश राय ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए आगामी योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत रूपरेखा पेश की। प्रेस वार्ता में उमेश राय ने कहा कि उत्तर हावड़ा की सबसे बड़ी समस्या जलजमाव है। उन्होंने बताया कि थोड़ी–सी बारिश होते ही क्षेत्र के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से में पानी भर जाता है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एक स्वच्छता सर्वे में हावड़ा को देश के सबसे गंदे शहरों में शामिल किया गया था। हालांकि, सत्तारूढ़ दल द्वारा इसे प्रोपेगेंडा बताया गया, लेकिन क्षेत्र में प्रचार के दौरान उन्हें यह स्थिति सही प्रतीत हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि 2026 तक सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी होने के बावजूद अपेक्षित कार्य नहीं हो रहा है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में पश्चिम बंगाल में स्वच्छता को प्राथमिकता देने का वादा किया है। घोषणा पत्र के तहत भाजपा ने अगले पांच वर्षों में कई प्रमुख योजनाओं को लागू करने का आश्वासन दिया है। इनमें जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना प्रमुख है, जिसके लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने दावा किया कि तीन वर्षों के भीतर जलजमाव की समस्या से स्थायी समाधान मिल जाएगा। इसके अलावा उत्तर हावड़ा में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

उमेश राय ने बताया कि सलकिया फ्लाईओवर सहित अन्य फ्लाईओवरों का विकास किया जाएगा। जीटी रोड, बनारस रोड, फकीर बागान और नस्कर पाड़ा जैसे क्षेत्रों में बारिश के दौरान घरों में पानी भरने की समस्या को दूर करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी योजनाएं घोषित की गई हैं। उन्होंने कहा कि दो वर्षों के अंदर एक कॉलेज और एक स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा, साथ ही इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट को भी सशक्त बनाया जाएगा।

इसके अलावा, हावड़ा स्टेशन, हावड़ा ब्रिज, बस स्टैंड, ऑटो और टैक्सी स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों पर सफाई व्यवस्था सुधारने, फुटपाथ विक्रेताओं के लिए व्यवस्थित स्टॉल उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई व्यवस्था शुरू की जाएगी। भाजपा उम्मीदवार ने दावा किया कि उनकी सरकार बनने पर उत्तर हावड़ा में बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार किया जाएगा और लोगों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान किया जाएगा।

## चुनाव से पहले 800 तृणमूल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की आशंका, हाई कोर्ट पहुंची तृणमूल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें निर्वाचन आयोग (ईसी) के निर्देशों पर कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के लगभग 800 कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किए जाने की आशंका जताते हुए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इस मामले का जिक्र करते हुए याचिकाकर्ता के वकील और तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने तत्काल सुनवाई की मांग की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ऐसी आशंका है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद चिह्नित किए जाने पर तृणमूल कांग्रेस के लगभग 800 कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। एक वकील ने बताया कि इस मामले की सुनवाई कुछ ही दिनों में होने की संभावना है।

## कॉलेज शिक्षकों की ड्यूटी रद्द करने के फैसले को चुनाव आयोग ने हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में दी चुनौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के दौरान कॉलेज शिक्षकों की चुनावी ड्यूटी को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में एक याचिका दायर की। आयोग ने सिंगल बेंच के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। इससे पहले, 17 अप्रैल को कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के जस्टिस कृष्णा राव ने एक अहम फैसला सुनाया था। उन्होंने आगामी दो चरणों के चुनाव के लिए कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी बनाने के चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया था कि जिन शिक्षकों ने इस काम के लिए अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है, उन्हें इस बार पीठासीन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देनी होंगी। चुनाव आयोग ने अब इस फैसले के खिलाफ जस्टिस शम्पा सरकार और जस्टिस अजय कुमार गुप्ता की डिवीजन बेंच का रुख किया है। इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2026/13, दिनांक 17.04.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड्गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा अपराह्न **3.30 बजे खोली** जाएंगी: **क्रमांक एवं निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बयाना राशि: (1) ई-केजीपी-साऊथ-13-2026,** निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन: (i) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/हिजली के अधीन सेस की मरम्मत तथा तटबंध का मजबूतीकरण तथा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/दांतन के अधीन बेलदा-नेकुरसेनी के बीच सेंट्रल ड्रेन का निर्माण, (ii) सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण)/खड्गपुर के अधीन हिजली एवं दांतन में आरजीएम साइडिंग में सुविधाओं का विस्तार (तीसरा आमंत्रण); रु. 2,94,81,164.17; रु. 5,89,600/-। **(2) ई-केजीपी-ईस्ट-20-2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता (ईस्ट)/खड्गपुर के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा-आमता अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग सं. एचए-4, एचए-7 में 2 अदद गेट गुमटियो का निर्माण तथा सांतरागाछी कोचिंग डिपो में सांतरागाछी स्टोर बिल्डिंग का निर्माण; रु. 2,53,92,544.56; रु. 5,07,900/-। **(3) ई-केजीपी-एचक्यू-11-2026,** मंडल अभियंता/एचक्यू/खड्गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 10,000 से अधिक टीवीयू वाले 9 अदद नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों में गेट सिग्नलिंग हेतु रिले हट का निर्माण; रु. 1,83,54,100.47; रु. 3,67,100/-। **(4) ई-केजीपी-एचक्यू-12-2026,** सहायक अभियंता/डब्ल्यूडब्ल्यू/खड्गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन कॉसाई हॉल्ट के निकट (पश्चिम की ओर) इस्पात ढांचे के एप्रोच के साथ नई डीआई 300 मिमी व्यास की पाइप लाइन के साथ 200000 गैलन क्षमता के भूमिगत जलाशय एवं पम्प हाउस के प्रावधान द्वारा पुराने निष्क्रिय कॉसाई हॉल्ट कुएं का सुधार; रु. 3,72,25,166/-; रु. 7,44,500/-। **(5) ई-केजीपी-एचक्यू-13-2026,** सहायक मंडल अभियंता/सेटेलमेंट/खड्गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (डब्ल्यू)/साऊथ-वेस्ट/खड्गपुर अनुभाग में बंगलो का नवीनीकरण; रु. 16,61,791.12; रु. 33,200/-। **(6) ई-केजीपी-ईस्ट-21-2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ईस्ट/खड्गपुर के अधीन हाउर स्टेशन में पीएसआर-110 केएमपीएच को हटाने के लिए त्रुटिपूर्ण लेआउट के सुधार, जल निकासी प्रणाली तथा एप्रोच में खराब तटबंध के सुधार कार्य का संपादन; रु. 8,00,30,716.47; रु. 16,00,600/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **कार्य समापन अवधि:** क्रमांक 1 से 4 एवं 6 के लिए 12 महीने तथा क्रमांक 5 के लिए 06 महीने। **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 07.05.2026, क्रमांक 2 से 5 के लिए 11.05.2026 तथा क्रमांक 6 के लिए 14.05.2026। **बोली शुरू होने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए दिनांक 23.04.2026 से 07.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक, क्रमांक 2 से 5 के लिए दिनांक 27.04.2026 से 11.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक तथा क्रमांक 6 के लिए दिनांक 30.04.2026 से 14.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश हेतु इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-59)

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/607, दिनांक 17.04.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैनर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/51/25-26/सीएपी, आरआरएसके, एसएफ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** (i) सियालदह मंडल में एएसटीई/II अनुभाग में इंटरलॉक्ड गेटों (ओएसएल) में आरटीयू का प्रावधान। (ii) सियालदह मंडल के सियालदह-रानाघाट, दमदम-वाली हॉल्ट, कल्याणी-कल्याणी सीमांत अनुभाग में 48एफ ओएफसी का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 4,47,25,566.75; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 8,94,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 29.04.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 13.05.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 13.05.2026 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरण:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग कार्य। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।
(SDAH-13/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**स्पेशल ट्रेनें**

**वलसाड और दुर्गापुर, उधना और दुर्गापुर, हजूर साहिब नान्देड और आसनसोल, भावनगर टर्मिनस और हावड़ा एवं साबरमती और दुर्गापुर के बीच**

ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **वलसाड और दुर्गापुर, उधना और दुर्गापुर, हजुर साहिब नान्देड और आसनसोल, भावनगर टर्मिनस और हावड़ा एवं साबरमती और दुर्गापुर** के बीच स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, चलने के दिन, ठहराव और गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:

**09079/09080 वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन**

| वलसाड-दुर्गापुर | | | (09079) (09080) | दुर्गापुर-वलसाड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बुध, रवि | – | 09.15 | वलसाड | 19.20 | – | शनि, बुध |
| | 16.30 | 16.35 | भुसावल जंक्शन | 12.20 | 12.25 | |
| बृहस्पति | 02.45 | 02.55 | जबलपुर | 03.00 | 03.10 | |
| सोम | 23.40 | 23.50 | धनबाद जंक्शन | 09.00 | 09.10 | |
| शुक्र, मंगल | 01.55 | 02.00 | आसनसोल जंक्शन | 07.45 | 07.50 | शुक्र, मंगल |
| | 04.20 | – | दुर्गापुर | – | 07.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में भेस्तान, नंदुरबार, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: वलसाड से – 09079** दिनांक 22/04/26 (बुधवार) और 26/04/26 (रविवार) को = 02 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09080** दिनांक 24/04/26 (शुक्रवार) और 28/04/26 (मंगलवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) - 11, शयनयान श्रेणी - 08, पैंट्री कार - 01 और एलएसएलआरडी - 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09143/09144 वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन**

| वलसाड-दुर्गापुर | | | (09143) (09144) | दुर्गापुर-वलसाड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 12.50 | वलसाड | 17.30 | – | शुक्र |
| बुध | 05.30 | 05.40 | जबलपुर जंक्शन | 01.50 | 02.00 | |
| बृहस्पति | 00.10 | 00.20 | धनबाद जंक्शन | 09.30 | 09.40 | बृहस्पति |
| | 01.55 | 02.05 | आसनसोल जंक्शन | 07.45 | 07.55 | |
| | 04.20 | – | दुर्गापुर | – | 07.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: वलसाड से – 09143** दिनांक 21/04/26 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09144** दिनांक 23/04/26 (बृहस्पतिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी-12, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 04, पावर कार - 01 और एलएसएलआरडी - 01 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09173/09174 उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन**

| उधना-दुर्गापुर | | | (09173) (09174) | दुर्गापुर-उधना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल, शनि | – | 07.10 | उधना | 13.30 | – | शुक्र, मंगल |
| | 13.00 | 13.05 | भुसावल जंक्शन | 08.00 | 08.05 | |
| बुध, रवि | 18.00 | 18.10 | धनबाद जंक्शन | 02.30 | 02.40 | बृहस्पति |
| | 19.30 | 19.40 | आसनसोल जंक्शन | 00.40 | 00.50 | सोम |
| | 20.50 | – | दुर्गापुर | – | 23.50 | बुध, रवि |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नंदुरबार, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: उधना से – 09173** दिनांक 21/04/26 (मंगलवार) और 25/04/26 (शनिवार) को = 02 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09174** दिनांक 22/04/26 (बुधवार) और 26/04/26 (रविवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 11, शयनयान श्रेणी - 07, पावर कार - 01 और एलएसएलआरडी - 01 = 20 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09179/09180 उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन**

| उधना-दुर्गापुर | | | (09179) (09180) | दुर्गापुर-उधना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | – | 11.25 | उधना | 20.45 | – | बृहस्पति |
| मंगल | 04.00 | 04.10 | जबलपुर जंक्शन | 04.20 | 04.30 | |
| बुध | 00.10 | 00.20 | धनबाद जंक्शन | 09.30 | 09.40 | बुध |
| | 01.55 | 02.05 | आसनसोल जंक्शन | 07.45 | 07.55 | |
| | 04.00 | – | दुर्गापुर | – | 07.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नंदुरबार, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: उधना से – 09179** दिनांक 27/04/26 (सोमवार) को = 01 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09180** दिनांक 29/04/26 (बुधवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) - 11, शयनयान श्रेणी - 08, पैंट्री कार - 01 और एलएसएलआरडी - 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09175/09176 उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन**

| उधना-दुर्गापुर | | | (09175) (09176) | दुर्गापुर-उधना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बुध, बृहस्पति | – | 08.35 | उधना | 13.30 | – | शनि, रवि |
| | 13.30 | 13.35 | भुसावल जंक्शन | 08.00 | 08.05 | |
| | 23.00 | 23.10 | जबलपुर जंक्शन | 21.00 | 21.10 | |
| बृहस्पति शुक्र | 18.00 | 18.10 | धनबाद जंक्शन | 02.30 | 02.40 | शुक्र, शनि |
| | 19.30 | 19.40 | आसनसोल जंक्शन | 00.40 | 00.50 | |
| | 20.50 | – | दुर्गापुर | – | 23.50 | बृहस्पति शुक्र |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नंदुरबार, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम जंक्शन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन और अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: उधना से – 09175** दिनांक 22/04/26 (बुधवार) और 23/04/26 (बृहस्पतिवार) को = 02 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09176** दिनांक 23/04/26 (बृहस्पतिवार) और 24/04/26 (शुक्रवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** चेयर कार- 05, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 10, पावर कार - 01 और एलएसएलआरडी - 01 = 17 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**07701/07702 हजूर साहिब नान्देड-आसनसोल-हजूर साहिब नान्देड स्पेशल ट्रेन**

| हजूर साहिब नान्देड-आसनसोल | | | (07701) (07702) | आसनसोल-हजूर साहिब नान्देड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | 23.50 | हजूर साहिब नान्देड | 00.45 | – | शनि |
| बुध | 12.00 | 12.10 | नागपुर | 11.30 | 11.35 | शुक्र |
| | 19.35 | 19.45 | बिलासपुर | 04.00 | 04.15 | |
| बृहस्पति | 09.40 | 09.42 | पुरुलिया | 16.00 | 16.02 | |
| | 12.00 | – | आसनसोल | – | 14.00 | बृहस्पति |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, बडनेरा, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, टाटानगर और चाण्डिल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथि/दिन: हजूर साहिब नान्देड से – 07701** दिनांक 21/04/26 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **आसनसोल से – 07702** दिनांक 23/04/26 (बृहस्पतिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 2-टियर-02, एसी 3-टियर-06, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 और एसएलआरडी - 02 = 24 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09531/09532 भावनगर टर्मिनस-हावड़ा-भावनगर टर्मिनस स्पेशल ट्रेन**

| भावनगर टर्मिनस-हावड़ा | | | (09531) (09532) | हावड़ा-भावनगर टर्मिनस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | – | 17.45 | भावनगर टर्मिनस | 06.30 | – | शनि |
| मंगल | 07.50 | 08.00 | जयपुर | 15.10 | 15.25 | शुक्र |
| बुध | 00.20 | 00.30 | प्रयागराज जंक्शन | 02.40 | 02.50 | |
| | 17.10 | 17.15 | आसनसोल | 15.30 | 15.35 | |
| | 21.40 | – | हावड़ा | – | 10.50 | बृहस्पति |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में सोनगढ़, धोला जंक्शन, बोटाद जंक्शन, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम जंक्शन, महेसाणा जंक्शन, पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, अजमेर जंक्शन, बाँदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, अछनेरा जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, गोविंदपुरी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, धनबाद जंक्शन, दुर्गापुर, बर्द्धमान जंक्शन और बैण्डेल जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: भावनगर टर्मिनस से – 09531** दिनांक 20/04 और 27/04/26 (सोमवार) को = 02 ट्रिप और **हावड़ा से– 09532** दिनांक 23/04 और 30/04/26 (बृहस्पतिवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी- 04, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 10 और एसएलआरडी - 02 = 16 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**09421/09422 साबरमती-दुर्गापुर-साबरमती स्पेशल ट्रेन**

| साबरमती-दुर्गापुर | | | (09421) (09422) | दुर्गापुर-साबरमती | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल, रवि | – | 10.35 | साबरमती | 19.30 | – | शुक्र, बुध |
| | 20.35 | 20.45 | जयपुर | 08.30 | 08.40 | |
| बुध, सोम | 17.25 | 17.35 | गया जंक्शन | 11.00 | 11.10 | बृहस्पति मंगल |
| | 23.40 | 23.50 | आसनसोल | 05.00 | 05.10 | |
| बृहस्पति | 00.20 | 00.22 | अण्डाल जंक्शन | 04.15 | 04.17 | |
| मंगल | 02.40 | – | दुर्गापुर | – | 04.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में महेसाणा जंक्शन, पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, अजमेर जंक्शन, बाँदीकुई जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, कोडरमा जंक्शन और धनबाद जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: साबरमती से – 09421** दिनांक 21/04/26 (मंगलवार) और 26/04/26 (रविवार) को = 02 ट्रिप और **दुर्गापुर से – 09422** दिनांक 23/04/26 (बृहस्पतिवार) और 28/04/26 (मंगलवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-13, एसी 3-टियर (इकोनॉमी)-07 और पावर कार - 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अयोध्या की राजकुमारी सूरीरत्ना, कोरिया के राजा किम सुरो की कहानी हमारी साझी विरासत : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्ना और कोरियाई राजा किम सूरो की कथा का हवाला देते हुए भारत और दक्षिण कोरिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ व्यापक वार्ता के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आज भारत में के-पॉप, के-ड्रामा बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। उसी तरह, कोरिया में भी भारतीय सिनेमा और संस्कृति की पहचान बढ़ रही है। उन्होने कहा, 2000 साल पहले, अयोध्या की राजकुमारी सूरीरत्ना और कोरिया के राजा किम सुरो की कहानी हमारी साझा विरासत है। 'अतुल्य भारत' की आधिकारिक वेबसाइट पर इस प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों पर एक विस्तृत लेख उपलब्ध है। कोरिया में उन्हें रानी हेओ ह्वांग-ओक के नाम से जाना जाता था। उत्तर प्रदेश सरकार और दक्षिण कोरिया के गिम्हे शहर के संयुक्त प्रयास से 2001 में निर्मित उनका स्मारक, रानी हेओ ह्वांग-ओक की महान यात्रा द्वारा निर्मित स्थायी संबंधों का एक जीवंत प्रमाण है। अतुल्य भारत वेबसाइट के लेख के मुताबिक, जैसा प्रतिष्ठित कोरियाई ग्रंथ सामगुक युसा में दर्ज है, अयोध्या की यह पुत्री - जिसे वहां रानी हेओ ह्वांग-ओक के नाम से जाना जाता है - ने दैवीय आदेश पर एक खतरनाक समुद्री यात्रा की थी। इसके अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि स्वयं देवताओं ने ही कराक वंश के राजा किम सूरो के साथ उनके विवाह की व्यवस्था की थी...। सोमवार को, भारत और दक्षिण कोरिया ने दोनों नेताओं की उपस्थिति में सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों में सहयोग सहित कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, संस्कृति और रचनात्मक उद्योग में, आपसी सहयोग के माध्यम से, हम फिल्म, एनिमेशन और गेमिंग के क्षेत्रों में भी नए संपर्क स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा, हमे बहुत खुशी है कि राष्ट्रपति ली खुद भारतीय सिनेमा के प्रशंसक हैं। इस सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए, हम 2028 में भारत-कोरिया मैत्री उत्सव आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि जन-जन संबंधों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, अनुसंधान सहयोग और पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आने वाले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं।

### नए जूतों को लेकर हुए झगड़े में नाबालिग ने की अपने ही छोटे भाई की हत्या की

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में सोमवार को नए जूते पहनने को लेकर हुए झगड़े में एक नाबालिग लड़के ने कैंची से अपने छोटे भाई पर वार कर उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घुघली थाना क्षेत्र के चौमुखा नौका टोला गांव में सूरज शर्मा (16) और उसके छोटे भाई लक्ष्मण शर्मा (15) के बीच नये जूतों को पहले पहनने की बात को लेकर हुई बहस जल्द ही मारपीट में बदल गयी और तैश में आये सूरज ने कैंची से लक्ष्मण पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, सिर और हाथों पर कई गहरी चोटें लगने से गम्भीर रूप से घायल हुए लक्ष्मण को घुघली के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के कारण उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल लाये जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 1,825 करोड़ रुपये की जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी मामले में कपिल चुघ गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** जीएसटी आ-सूचना महानिदेशालय (डीजीज-ीआई) के अधिकारियों ने 1,825 करोड़ रुपये के जीएसटी रिफंड घोटाले के आरोप में कपिल चुघ को गिरफ्तार कर लिया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि महानिदेशालय की अहमदाबाद क्षेत्रीय शाखा ने चुघ को 19 अप्रैल को दुबई से लौटते समय इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। चुघ, जीएसटी रिफंड घोटाले का कथित तौर पर मुख्य साजिशकर्ता है और कई अन्य आर्थिक आपराधिक मामलों में भी वांछित है। निदेशालय ने बताया, चुघ जांच से बचता रहा और अहमदाबाद स्थित महानिदेशालय शाखा द्वारा जारी किए गए कई समन (कुल 22) का जवाब नहीं दिया और कभी जांच में शामिल नहीं हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1,825 करोड़ रुपये के जीएसटी रिफंड घोटाले को अंजाम देने के बाद वह दुबई भाग गया था।

### विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 25 हुई

**विरुधुनगर :** कत्तनरपत्ती के पास एक पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अधिकांश शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि उनकी पहचान करना बेहद मुश्किल हो रहा है। हादसा हाल के वर्षों में क्षेत्र की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक माना जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, शव इतने अधिक जल चुके हैं कि पहचान मुख्यतः मृतकों द्वारा पहने जेवरों के आधार पर ही की जा सकी है। उन्होंने कहा कि पहचान को लेकर अनिश्चितता के कारण परिजनों ने अब तक शवों पर दावा नहीं किया है। पुलिस के अनुसार, फैक्टरी मालिक मुथुमणिकम फरार है। यह दुर्घटना 'वनजा' पटाखा इकाई में हुई, जो वाचकारपत्ती थाना क्षेत्र में स्थित है।

### तृणमूल कांग्रेस की केरल इकाई अलग हुई; अनवर बनाएंगे नयी पार्टी

**कोच्चि :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश संयोजक पी वी अनवर ने सोमवार को कहा कि पार्टी की केरल इकाई केंद्रीय नेतृत्व से संबंध तोड़ लेगी और जल्द ही एक नए राजनीतिक दल का गठन किया जाएगा। राज्य समिति की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनवर ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) समर्थित उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने पर पार्टी ने उनका समर्थन नहीं किया। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) छोड़ने वाले अनवर ने नौ अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में कोझिकोड जिले की बेपोर सीट से यूडीएफ समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। अनवर ने कहा, पिछले डेढ़ साल में हमने जिला, विधानसभा क्षेत्र और पंचायत स्तर तक पार्टी कमेटियां बनाने में सफलता हासिल की।

## सरकार ने कच्चे जूट की जमाखोरी रोकने के लिए भंडारण सीमा घटाकर शून्य की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को कच्चे जूट की जमाखोरी रोकने और मिलों को पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों और बैलरों (गांठ बनाने वालों) के लिए भंडारण सीमा घटाकर शून्य कर दी। कपड़ा मंत्रालय ने बयान में कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे जूट की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और इनके 2025-26 के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर बने रहने को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपलब्धता को लेकर विभिन्न पक्षों ने चिंता जताई थी। संशोधित नियमों के मुताबिक, जूट आयुक्त के साथ पंजीकृत और परिसर में बैलिंग प्रेस रखने वाले बैलरों को अपने पास मौजूद पूरा कच्चा जूट पांच मई, 2026 तक बेचना होगा और इसकी भौतिक आपूर्ति 15 मई तक पूरी करनी होगी। बिना पंजीकरण वाले बैलरों और बिना बैलिंग प्रेस वाले स्टॉकिस्ट के लिए भंडारण सीमा शून्य कर दी गई है। वहीं, जूट मिलों और प्रसंस्करण इकाइयों को केवल 45 दिन की खपत के बराबर ही स्टॉक रखने की अनुमति दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि कीमतों में अस्थिरता और कच्चे जूट की कमी से उद्योग और रोजगार पर असर पड़ सकता है। ये कदम आपूर्ति को स्थिर करने और किसानों, उद्योग तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उठाए गए हैं। सभी संबंधित इकाइयों को जूट स्मार्ट पोर्टल पर हर पखवाड़े अपने स्टॉक की जानकारी देनी होगी। अधिकारियों को परिसर और रिकॉर्ड की जांच करने तथा आदेश के उल्लंघन पर अतिरिक्त स्टॉक जब्त करने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा, राज्यों से भी जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई में सहयोग मांगा गया है।

## पुरी में श्री जगन्नाथ रथयात्रा के लिए रथ निर्माण कार्य शुरू



**पुरी :** अक्षय तृतीया के अवसर पर पूजा-अर्चना के बाद सोमवार को भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों की वार्षिक रथ यात्रा के लिए रथों का निर्माण कार्य शुरू हो गया। रथ यात्रा 16 जुलाई को होनी है। विश्वकर्मा सेवकों ने तीन अलग-अलग रथों के लिए रखी लकड़ियों पर सोने की कुल्हाड़ी से पहला प्रहार किया, जिससे रथ निर्माण की शुरुआत हुई। इससे पहले एक यज्ञ किया गया और रथ निर्माण शुरू करने के लिए भगवान द्वारा दी गई दिव्य माला को रथ खला (रथ प्रांगण) में लाया गया। मुक्ति मंडप के मुख्य पुजारी विश्वंवर दास ने कहा, हमने रथों के निर्माण के लिए 'बनाजग' विधि से पूजा-अर्चना की। अधिकारियों के अनुसार, भगवान जगन्नाथ के 45.6 फुट ऊंचे नंदीघोष रथ के निर्माण में विभिन्न प्रकार की कम से कम 742 लकड़ियों का उपयोग किया जाएगा, जबकि भगवान बलभद्र के 45 फुट ऊंचे तालध्वज रथ के निर्माण में 731 लकड़ियों का उपयोग होगा। इसी प्रकार, देवी सुभद्रा के 44.6 फुट ऊंचे दर्पदलन रथ के निर्माण में 711 लकड़ियों का उपयोग किया जाएगा। तीनों प्रसिद्ध रथों के निर्माण और अलंकरण में 200 से अधिक लोग लगे हुए हैं।

## एआईएमआईएम की पार्षद सहर शेख के पिता ने जाति प्रमाणपत्रों के असली होने का किया दावा



**ठाणे :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की पार्षद सहर शेख के पिता यूनुस शेख ने सोमवार को दावा किया कि उनके जाति प्रमाणपत्र असली हैं। ठाणे के तहसीलदार ने यूनुस द्वारा ''फर्जी'' जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किये जाने को लेकर उनके खिलाफ एक आपराधिक मामले की अनुशंसा की है। ठाणे तहसीलदार कार्यालय ने हाल में मुंब्रा पार्षद सहर शेख के पिता यूनुस शेख के खिलाफ कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करने और उसके आधार पर अपनी बेटी के लिए जाति (ओबीसी) प्रमाणपत्र हासिल करने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज करने की अनुशंसा की है। यह अनुशंसा तहसीलदार उमेश पाटिल द्वारा राकांपा प्रत्याशी सिद्दीकी फरहा शबाब अहमद की शिकायत की जांच के बाद की गई। अहमद ने ठाणे महानगरपालिका चुनावों के बाद, सहर के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को चुनौती दी थी। जनवरी में हुए नगर निकाय चुनावों में अहमद को ठाणे के मुंब्रा में सहर से शिकस्त मिली थी।

### जेईई-मेन में 26 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर' हासिल किए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को कहा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 26 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर' प्राप्त किए हैं। वर्ष 2025 में 24 अभ्यर्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की थी। जनवरी में आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि अप्रैल में आयोजित दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। दोनों सत्रों में आठ लाख से अधिक सामान्य अभ्यर्थी शामिल हुए। जिन अभ्यर्थियों ने '100 एनटीए स्कोर' प्राप्त किए हैं, उनमें से पांच-पांच आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हैं, उसके बाद चार राजस्थान से, तीन दिल्ली से और दो-दो महाराष्ट्र और हरियाणा से हैं। चंडीगढ़, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा और गुजरात से एक-एक अभ्यर्थी ने यह उपलब्धि हासिल की है। सभी 26 अभ्यर्थी पुरुष हैं। अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों का प्रतिशत नहीं है, बल्कि मानकीकृत स्कोर है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''एनटीए स्कोर विभिन्न पालियों के परीक्षार्थियों के मानकीकृत स्कोर हैं और एक पाली में परीक्षा देने वाले सभी अभ्यर्थियों के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित हैं। प्रत्येक पाली के परीक्षार्थियों के लिए प्राप्त स्कोर को 100 से 0 के पैमाने में परिवर्तित किया जाता है।''

## ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0: हैदराबाद पुलिस ने किया साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़, 9 राज्यों से 52 आरोपी गिरफ्तार

**बैंक कर्मचारियों ने अपराधियों को फर्जी खातों में मदद की**



**हैदराबाद/नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश में चलाए गए 'ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0' के तहत एक बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा हुआ है। हैदराबाद पुलिस ने 9 राज्यों में छापेमारी कर 32 बैंक कर्मचारियों समेत कुल 52 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये बैंक कर्मचारी साइबर अपराधियों को फर्जी (म्यूल) अकाउंट संचालित करने में मदद कर रहे थे, जिनके जरिए ठगी की रकम इधर-उधर ट्रांसफर की जाती थी। एक सप्ताह तक चले इस अभियान में महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और तेलंगाना सहित कई राज्यों में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 26 मोबाइल फोन, 14 चेक बुक, 21 फर्जी कंपनियों के स्टाम्प और अन्य सामान जब्त किए, जिनका इस्तेमाल नकली अकाउंट खोलने और संचालित करने में होता था। साइबर क्राइम डीसीपी वी. अरविंद बाबू ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क में बैंक के अंदरूनी लोग (इंसाइडर्स) शामिल थे, जो अपराधियों को तकनीकी और बैंकिंग सहायता उपलब्ध करा रहे थे। वहीं पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने कहा कि इस तरह के अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 'ऑपरेशन ऑक्टोपस 1.0' के तहत 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए पुलिस ने कहा कि ओटीपी , बैंक डिटेल या संदिग्ध लिंक किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी की स्थिति में पीड़ित 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## मादक पदार्थ तस्करों पर लगाम लगा उन्हें सजा दिला रही है सरकार : अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मादक पदार्थों के गिरोहों का निर्दयतापूर्वक खात्मा कर रही है और उन्होंने 2026 की पहली तिमाही में 73 अपराधियों के खिलाफ दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्रशंसा की। महत्वपूर्ण दोषसिद्धि में से एक मामला 2021 में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 2.75 किलोग्राम हेरोइन और 2022 में भारत-पाकिस्तान सीमा पर फाजिल्का (पंजाब) में 4.23 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती से संबंधित है। गृह मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि इन मामलों में दो विदेशी तस्करों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युवाओं को नशे के प्रकोप से बचाने के लिए, मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों का सख्ती से पर्दाफाश कर रही है और दोषियों को सजा दिलाना भी सुनिश्चित कर रही है। गृह मंत्री ने कहा, इस अभियान के तहत, एनसीबी ने 2026 के पहले तीन महीनों में मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में 73 अपराधियों को कड़ी सजा दिलवाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। हम पूरी ताकत से मादक पदार्थों के गिरोहों के खात्मे के लिए कोई भी गुंजाइश न छोड़ने के वास्ते दृढ़ संकल्पित हैं। इस उपलब्धि के लिए एनसीबी को बधाई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एनसीबी ने इस वर्ष के पहले तीन महीनों में 35 मामलों में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े 73 अपराधियों को दोषी ठहराया है। इनमें से चार को अधिकतम 20 वर्ष की सजा सुनाई गई, जबकि 54 को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा मिली।

## धर्म पर टिप्पणी से लेकर अनुचित स्पर्श तक टीसीएस की महिला इंजीनियर ने बयां किया उत्पीड़न का खौफनाक सच

**मुंबई :** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नासिक इकाई में कार्यरत एक महिला इंजीनियर ने अपने साथ हुए कथित उत्पीड़न का खौफनाक सच सामने रखा है। पीड़िता ने बताया कि यह मामला केवल कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें धार्मिक टिप्पणी, मानसिक दबाव और शारीरिक उत्पीड़न जैसी गंभीर बातें शामिल हैं। महिला के अनुसार, प्रशिक्षण सत्रों के दौरान उसके टीम लीडर ने अनुचित तरीके से उसे छूने की कोशिश की। इतना ही नहीं, अन्य आरोपियों ने भी अलग-अलग मौकों पर उसके साथ छेड़छाड़ की और उसका पीछा किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने हिंदू धर्म और देवी-देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिससे उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।शिकायत में यह भी कहा गया है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा को लेकर आपत्तिजनक और असंवेदनशील बयान दिए गए, जिनमें बुर्का न पहनने को हिंसा का कारण बताया गया। इस तरह के बयानों ने उसके मानसिक उत्पीड़न को और बढ़ा दिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। पीड़िता की आपबीती ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके वैवाहिक जीवन के बारे में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पीड़िता के अनुसार, उत्पीड़न केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं था। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने सोशल मीडिया पर भी उसका पीछा (स्टॉकिंग) किया और उसे परेशान किया।

### टीसीएस मामले की आरोपी निदा खान को अंतरिम राहत नहीं, अदालत ने याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब



**नासिक (महाराष्ट्र) :** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नासिक इकाई में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के लिए दबाव बनाये जाने के मामले में आरोपी निदा खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से यहां की एक अदालत ने सोमवार को इनकार कर दिया और पुलिस को 27 अप्रैल तक उसकी याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। नासिक पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी), जो आईटी कंपनी की नासिक इकाई में छेड़छाड़ और परेशान करने के नौ मामलों की जांच कर रही है, ने महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में खान की तलाश शुरू कर दी है। शनिवार को, निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत और सुनवाई लंबित रहने तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत के लिए नासिक की अदालत का रुख किया था। सोमवार को, सुनवाई के दौरान खान के वकील राहुल कसलीवाल ने अंतरिम राहत की मांग की। हालांकि, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के.जी. जोशी ने अंतरिम याचिका पर कोई आदेश पारित नहीं किया और पुलिस तथा शिकायतकर्ता को खान की मुख्य याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

### निर्णय लेने में हमेशा यात्रियों की सुविधा और गरिमा को केंद्र में रखें रेलवे अधिकारी:मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को रेलवे अधिकारियों के एक समूह से कहा कि वे निर्णय लेते समय हमेशा यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और गरिमा को केंद्र में रखें। उन्होंने उनसे नए विचार पेश करने और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दक्षता, सुरक्षा और यात्रियों व माल की सुचारु आवाजाही को मजबूत बनाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन में भारतीय रेलवे के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़े और जटिल नेटवर्कों में भारतीय रेलवे भी शामिल है, जो न केवल यात्रियों और माल की आवाजाही को सुविधाजनक बनाती है बल्कि करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं को भी साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा, आपको इस व्यवस्था को चलाने के लिए तकनीकी कौशल ही नहीं, बल्कि ईमानदारी, करुणा और जवाबदेही की गहरी भावना की भी आवश्यकता होगी।

## आबकारी नीति: न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले से खुद को अलग करने से इनकार किया

**केजरीवाल की याचिका खारिज**



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने सोमवार को आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। एक घंटे से अधिक समय तक हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी भी वादी को बिना किसी सबूत के न्यायाधीश पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, और न्यायाधीश किसी वादी के पूर्वाग्रह के निराधार डर को दूर करने के लिए खुद को मामले से अलग नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक नेता को बिना किसी आधार के किसी संस्था को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि किसी न्यायाधीश पर व्यक्तिगत हमला न्यायपालिका पर ही हमला होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें हटाने की याचिकाओं में वर्णित विवरण अनुमानों और कथित झुकावों पर आधारित था। न्यायाधीश ने कहा, यह अदालत अपने और संस्था के लिए खड़ी रहेगी... मैं खुद को इस मामले से अलग नहीं करूंगी।

## होशियारपुर में अवैध हथियारों और मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़,चार गिरफ्तार



**होशियारपुर :** पंजाब पुलिस ने सोमवार को होशियारपुर में अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने चार व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ 10 किलोग्राम से अधिक हेरोइन, हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों की आपूर्ति में शामिल विदेशी अपराधियों के स्थानीय संचालक के रूप में काम कर रहे थे। यादव ने कहा, होशियारपुर जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के एक अंतरराज्यीय/विदेशी संपर्क वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है तथा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनके पास से 9.925 किलोग्राम हेरोइन, दो विदेश निर्मित पिस्तौल, आठ मैगजीन एवं 40 कारतूस बरामद किये गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मंजिंदर सिंह उर्फ सोनू (होशियारपुर के पथरालियन गांव निवासी), शिवम भंडारी (जालंधर के धीना निवासी), साहिल मसीह उर्फ मोनू (गुरदासपुर के पाखोके ताहली गांव निवासी) और रामेल रोजर (होशियारपुर के गढ़शंकर निवासी) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी विदेशी अपराधियों के सीधे संपर्क में थे और उनके स्थानीय संचालक के रूप में काम करते हुए क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों की आपूर्ति में मदद कर रहे थे। गिरोह के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मामले की जांच जारी है।

## नीतीश दबाव के आगे झुक गए, चुपचाप राज्यसभा की सदस्यता स्वीकार कर ली: राहुल



**थूथुकुडी :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश कुमार दबाव के आगे झुक गए और चुपचाप राज्यसभा सदस्य बनना स्वीकार कर लिया। तमिलनाडु के थूथुकुडी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि बिहार में नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया और उनकी जगह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सम्राट चौधरी को नियुक्त कर दिया गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि नीतीश दबाव के आगे झुक गए'', इसलिए उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा और चुपचाप राज्यसभा चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश की पुरानी करतूतों ने भाजपा को उन पर पूरी तरह से हावी होने की अनुमति दी और अब वे (भाजपा नेता) बिहार के ऐसे ही मॉडल को तमिलनाडु में भी दोहराना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि तमिलनाडु की बात करें तो ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पास ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने तमिल लोगों के अधिकारों की रक्षा की। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु के लोगों की सेवा करने वाली पुरानी अन्नाद्रमुक अब मौजूद नहीं है। राहुल ने कहा कि मौजूदा अन्नाद्रमुक महज खोखला ढांचा है। उन्होंने कहा, जनता की सेवा करने वाली पुरानी अन्नाद्रमुक अब दम तोड़ चुकी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अन्नाद्रमुक के नेता अपने भ्रष्टाचार के कारण दबाव के आगे झुक गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अन्नाद्रमुक का इस्तेमाल कर तमिलनाडु की सत्ता में जगह हासिल करने की योजना बना रही है।

### ईडी ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक के बेटों व रहमान खान के रिश्तेदार के परिसरों पर छापे मारे

**बेंगलुरु :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने क्रिप्टो करेंसी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में कर्नाटक के विधायक एवं कांग्रेस नेता एन ए हारिस के बेटों, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के. रहमान खान के एक रिश्तेदार और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर सोमवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत शहर में करीब 12 परिसरों पर छापे मारे गए। इनमें विधायक के बेटों मोहम्मद हारिस नलापद और उमर फारूक नलापद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे के. रहमान खान के रिश्तेदार अकीब खान और श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी नाम के कथित क्रिप्टो हैकर के परिसर शामिल हैं। कांग्रेस नेता एन ए हारिस बेंगलुरु की शांतिनगर विधानसभा सीट से विधायक हैं।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में पोषण पखवाड़ा 2026 व टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता वॉकाथॉन



**कोलकाता, समाज्ञा :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देशभर में मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा 2026 तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे में व्यापक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2026 को गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में एक जागरूकता वॉकाथॉन सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस वॉकाथॉन को दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक अंजना मल्होत्रा तथा अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और एसईआरएसए के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वॉकाथॉन के दौरान विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनमें पोषण और तपेदिक (टीबी) से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 1.5–3 वर्ष और 3–6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिताएं, 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए खेलकूद गतिविधियां तथा माताओं के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बाल पोषण, प्रारंभिक विकास और स्वस्थ जीवनशैली पर विशेष जोर दिया गया। गौरतलब है कि पोषण पखवाड़ा का 8वां संस्करण 9 से 23 अप्रैल 2026 तक मनाया जा रहा है। यह अभियान पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन), जो 8 मार्च 2018 को शुरू किया गया था, के तहत संचालित एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर में समग्र सुधार लाना है। यह कार्यक्रम तकनीक–आधारित और समन्वित दृष्टिकोण पर आधारित है। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा की थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करना है, जिसमें 0–3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक उत्तेजना, 3–6 वर्ष के लिए खेल–आधारित शिक्षण, स्क्रीन समय में कमी, मातृ एवं शिशु पोषण तथा सामुदायिक सहयोग प्रणाली को मजबूत करने जैसे प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. MAKLESWAR RAHAMAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **CHOPRA** **West Bengal ; No.28**

**I, Md. Makleswar Rahaman** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Chopra P.S. Case No. 1429/13 GR No.4834/2013 | Charge has not yet been framed | U/S-143,448, 436, 379 IPC, R/W 25, 27 & 35 of Arms Act. The above false Case was started to dishonor the person politically as well as out of political vengeance. |

**(B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences**

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For Political Party to publish in website, Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the Party**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the Candidate | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Secti0ons of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & date(s)of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
| **1** | **Md. Makleswar Rahaman** | **28-CHOPRA** | ACJM, ISLAMPUR CHOPRA P.S. 1429/13 GR No. 4834/2013/Charge has not yet been framed | U/S- | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of State/UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of the Candidate | Number & Name of the Assembly Constituency | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about Cases of Conviction for Criminal Offences | | |
| | | | Name of the Court, case No. & state of | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of the Court & Date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishmen t imposed | Maximum Punishment imposed |
| 1 | **MD.SAMI KHAN** | **29- ISLAMPUR** | ACJM, Islampur Islampur P.S Case No.805/2024 GR 2668/2024 Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec.8 (b) of NH Act A rally was organized against the rape and murder ABHAYA for which the traffic was jammed for a moment which does not come within the meaning of blockade. But the Police intentionally implicated as accused. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | Addl J.M Court at Raiganj, Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 Charged framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M. Act A political agitation was violation 144 Cr.P.C | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| | | | ACJM, Islampur, Islampur P.S Case No.49/2018 GR 157/2018 Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332 /333/307 of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Anuwarul Haque
Member, West Bengal State Committee &
Secretary, Uttar Dinajpur District Committee
Communist Party of India (Marxist)

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-1**

(For Candidate to publish in Newspapers, TV) [Phase-1, Date of poll – 23.04.2026]

**Declaration about criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September,2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil)No.536 of 2011)

(Public interest Foundation & Ors. Union of India & Anr.)

Name and Address of the Candidate : **MD. SAMI KHAN**
Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly,2026**
*Name of the Constituency : **ISLAMPUR** **West Bengal ; No.29**

**I, Md. Sami Khan** (Name of the Candidate), a Candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal Cases**

| Sl. No. | Name of the Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and description of offence |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 189(2)/285/259/272 of BNS R/W Sec. 8(b) of NH Act. A rally was organized by political party against rape and murder of ABHAYA for which the traffic was jammed for moment which does not come within the meaning of blockade. But the police intentionally implicated as accused. |
| 2 | Addl. J.M Court at Raiganj | Raiganj P.S Case No.767/2020 GR 1737/2020 | Charge framed on 21.03.2024 | 188/186/143 IPC, R/W 51(B) D.M Act. A political agitation was organized before the DM Uttar Dinajpur and the allegation was violation 144 Cr.P.C |
| 3 | ACJM, Islampur | Islampur P.S. Case No.805/2024 GR No. 2668/2024 | Charge has not yet been framed | 143/148/447/186/353/354/332/333/307of IPC. The above false case was started during the construction of Islampur bypass. But the accused on bail and contesting the case. |

**(B)** Details about Cases of Conviction for Criminal Offences

| Sl. No. | Name of the Court & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**FORMAT C-2 (For Candidate to Publish in Newspapers, TV)**

**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011)

**Name and address of candidate:** Sk. Mujaffar Ali, Village – Kalubati Bhagabatipur, P.O. & P.S. – Haripal, Dist. – Hooghly, West Bengal – 712403

**Name of political party:** ALL INDIA SECULAR FRONT (AISF) **Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election **Name of Constituency:** 196 Haripal Assembly Constituency

I, **Sk. Mujaffar Ali**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. A.C.J.M. at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 311/2025 dated 29/05/2025 | Pending | 126(2)/115(2)/324(4)/351(2)/303(2)/317(2)/3(5) of B.N.S. – Wrongfully restraining any person, Voluntary Causing hurt, Criminal Intimidation, Theft, Dishonestly Receiving stolen property knowing it to be stolen, common Intention |
| 2 | Ld. J.M. 1st Class | G/R 192/2023, Haripal P.S. Case No. 48/2023 dated 01/02/2023 | Pending | 341/323/325/354B/379/504/506/34 I.P.C. – Wrongfully restraining any person, Voluntary Causing hurt, Criminal Intimidation, Theft, Assault or criminal force to women with intent to disrobe |
| 3 | Ld. ADJ – FTC at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 149/2009 S.T. No.01(Sept)2024 dated 17/12/2009 | Pending | 147/148/149/323/325/307/427/506/186/332/353 I.P.C. & 25/27 Arms Act – Rioting with Armed and deadly Weapon, Unlawful Assembly, Wrongfully restraining any person, Voluntary Causing hurt, Criminal Intimidation |
| 4 | Ld. A.D.J. F.T.C. at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 81/2009 S.T. 27/2025 dated 17/07/2009 | Pending | 147/148/149/323/427/379/436 I.P.C. – Rioting with Armed and deadly Weapon, Unlawful Assembly, Mischief by fire or explosive substance with intent to destroy house, theft |
| 5 | Ld. J.M. 1st Class 3rd Court at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 112/2008 G/R 637/2008 dated 03/10/2008 | Pending | 143/341/323/506 I.P.C. – Wrongfully restraining any person, Voluntary Causing hurt, Criminal Intimidation |
| 6 | Ld. J.M. 1st Class 2nd Court at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 43/2002 G/R 291/2002 dated 15/05/2002 | Pending | 147/148/341/323/504/506 I.P.C. – Rioting with Armed and deadly Weapon, Wrongful restraint, Voluntary Causing hurt, intent to provoke breach of peace, Criminal Intimidation |
| 7 | Ld. J.M. 1st Class 3rd Court at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 22/2002 G/R 172/2002 dated 17/03/2002 | Pending | 420/406 I.P.C. – Criminal Breach of Trust |
| 8 | Ld. A.C.J.M. at Chandannagore | Haripal P.S. Case No. 18/2002 dated 13/02/2002 | Pending | 351/447/34 I.P.C. – Assault, Criminal Trespass |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

I, the deponent, do hereby affirm and declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief and nothing material has been concealed therefrom -**Sk. Mujaffar Ali**.


JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II
COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY
JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING
CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com
DIVYANSH JAISWAL

# भारत, दक्षिण कोरिया ने 2030 तक 50 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार का लक्ष्य तय किया

**नयी दिल्ली:** भारत और दक्षिण कोरिया ने 2030 तक अपने सालाना द्विपक्षीय कारोबार को लगभग दोगुना करके 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का सोमवार को संकल्प लिया। दोनों देशों ने अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अगले साल तक उन्नत करने की प्रतिबद्धता भी जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच बातचीत के बाद नयी दिल्ली और सोल ने 15 समझौतों पर दस्तखत किए, जिनमें औद्योगिक सहयोग ढांचा विकसित करने और इस्पात आपूर्ति शृंखला स्थापित करने से जुड़े समझौते भी शामिल हैं, ताकि समग्र रिश्ते में संबंधों को रफ्तार दी जा सके। मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत और दक्षिण कोरिया शांति एवं स्थिरता का संदेश देते



हैं। बातचीत में मोदी और ली ने भारत-दक्षिण कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी के लिए एक संयुक्त रणनीतिक दृष्टिकोण पेश करने के अलावा ऊर्जा, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों, जहाज निर्माण और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। दोनों पक्षों ने जहाज निर्माण, जहाजरानी और समुद्री आपूर्ति शृंखला में साझेदारी के लिए एक व्यापक ढांचा भी पेश किया और ऊर्जा सुरक्षा पर एक संयुक्त बयान जारी किया। इसके अलावा, भारत और दक्षिण कोरिया ने 2010 में लागू हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत करने के लिए बातचीत फिर से शुरू करने के वास्ते एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत भारत में एक कोरियाई औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने पर भी सहमति बनी। नयी दिल्ली और सियोल ने 'आर्थिक सुरक्षा संवाद' के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, आर्कटिक तथा समुद्री सहयोग पर विचार-विमर्श के लिए एक विदेश मंत्री स्तरीय ढांचा भी शुरू किया। दोनों पक्षों ने एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## चांदी 4,300 रुपये चढ़ी, सोना 800 रुपये मजबूत



**नयी दिल्ली:** खुदरा कारोबारियों और स्टॉकिस्टों की तरफ से ताजा खरीदारी आने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 4,300 रुपये चढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलो हो गई जबकि सोना 800 रुपये की तेजी के साथ 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी 4,300 रुपये उछलकर 2,57,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार को 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, वैश्विक बाजार में रुख नरम रहा। हाजिर चांदी 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'सप्ताह की शुरुआत में सोना कमजोर रुख के साथ खुला, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास स्थिति तेजी से बिगड़ी है। जहां ईरान ने इसे दोबारा खोलने के 24 घंटे के भीतर सख्त नियंत्रण लागू कर दिया, वहीं अमेरिका ने प्रतिबंधों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे एक ईरानी मालवाहक पोत को जब्त कर लिया।

## भारतीय कंपनियों का विदेशों में इक्विटी निवेश मार्च में 27 प्रतिशत बढ़कर 1.46 अरब डॉलर

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि घरेलू कंपनियों का विदेशों में इक्विटी निवेश मार्च में मासिक आधार पर लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 1.46 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले फरवरी में यह आंकड़ा 1.15 अरब डॉलर और मार्च, 2025 में यह 2.56 अरब डॉलर था। इस साल मार्च में शीर्ष पांच कंपनियों का इक्विटी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लगभग आधा हिस्सा था। टाटा स्टील 44.4 करोड़ डॉलर के साथ सबसे आगे थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, टाटा स्टील के बाद एक्लैट हेल्थ सॉल्यूशंस इंडिया 9.88 करोड़ डॉलर, एस्पायर सिस्टम्स इंडिया (8.83 करोड़ डॉलर), नवशक्ति रिन्यूएबल्स (7.74 करोड़ डॉलर) और क्वालिटी केयर इंडिया (5.26 करोड़ डॉलर) का स्थान रहा। आरबीआई के अनुसार, देशों के परिप्रेक्ष्य से देखें तो, मार्च तक के तीन महीनों में इक्विटी में विदेशी निवेश के मामले में सिंगापुर सबसे आगे रहा। उसे 41.4 करोड़ डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ। वहीं, नीदरलैंड दूसरे स्थान पर रहा, जिसे भारतीय कंपनियों से 28.5 करोड़ डॉलर का इक्विटी निवेश मिला।

## पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर को लेकर अनिश्चितता का माहौल

**इस्लामाबाद :** अमेरिका और ईरान के एक दूसरे को लेकर कड़े तेवर अपनाए जाने के बीच बहुचर्चित शांति वार्ता के दूसरे दौर पर सोमवार को अनिश्चितता छाई रही। आगामी दिनों में दोनों पक्षों के इस्लामाबाद में मिलने की उम्मीद है, जिसके लिए पाकिस्तानी अधिकारियों ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम बुधवार को समाप्त होने वाला है। सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनके देश ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ वार्ता के अगले दौर में भाग लेगा या नहीं। इससे पहले, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालीबाफ ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन नए सिरे से तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया। सोमवार को तेहरान में साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बकाई ने कहा, फिलहाल, जब तक मैं आपकी सेवा में हूं, हमारे पास बातचीत के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है, और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिका कूटनीति को आगे बढ़ाने के बारे में गंभीर नहीं था और उन्होंने दो सप्ताह के युद्धविराम के उल्लंघनों का हवाला दिया। उन्होंने कहा, कूटनीति और बातचीत के लिए तत्परता का दावा करते हुए, अमेरिका ऐसे व्यवहार कर रहा है जो किसी भी तरह से राजनयिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में गंभीरता का संकेत नहीं देते हैं।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

**मुंबई:** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट लार्सन एंड टुब्रो, भारत



इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। हालांकि, निवेशक पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को पूर्ण संघर्ष की शुरुआत के बजाय संभावित वार्ता रणनीति के रूप में देख रहे हैं।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर

मुंबई: पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 25 पैसे की कमजोरी दर्शाता है।

### उत्तर प्रदेश में बिना पंजीकरण के भी गेहूं बेच सकेंगे किसान

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर किसानों को बड़ी राहत दी है। अब किसान पंजीकरण (रजिस्ट्री) के बिना भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेच सकेंगे। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि किसानों को हो रही असुविधा के दृष्टिगत सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए किसानों की 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य की गई थी। कई किसानों का पंजीकरण न होने या तकनीकी दिक्कतों के कारण वे अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच पा रहे थे। इससे किसानों में नाराजगी थी और उन्हें बिचौलियों को औने-पौने दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा था। किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल हस्तक्षेप किया। नए आदेश के अनुसार, अब किसान पूर्व के वर्षों की तरह बिना रजिस्ट्री के भी सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे।

### सरकार ने अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने मजबूत उत्पादन की संभावना और पर्याप्त भंडार को देखते हुए सोमवार को गेहूं के अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की अनुमति दे दी, जिससे कुल स्वीकृत निर्यात मात्रा बढ़कर 50 लाख टन हो गई है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गेहूं उत्पादन के अनुकूल अनुमान और उच्च भंडार उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देना उचित समझा गया। इसके साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात को भी मंजूरी दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक, अतिरिक्त निर्यात से बाजार में तरलता बढ़ेगी, भंडार प्रबंधन बेहतर होगा और उपज की आवक के चरम मौसम में किसानों को मजबूरी में कम कीमत पर बिक्री से राहत मिलेगी। इससे घरेलू कीमतों को स्थिर रखने एवं किसानों की आय मजबूत करने में भी मदद मिलेगी, जबकि खाद्य सुरक्षा पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

### वेदांता का कारोबार विभाजन एक मई से होगा प्रभावी

**नयी दिल्ली:** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लि. के निदेशक मंडल ने एल्युमीनियम, बिजली, तेल और गैस तथा लौह अयस्क इकाइयों को अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की प्रभावी तिथि एक मई, 2026 तय की है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने चल रही पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत, 20 अप्रैल, 2026 को हुई अपनी बैठक में, अन्य बातों के अलावा, इस योजना को एक मई, 2026 से प्रभावी बनाने की मंजूरी दी है।



# तिलक वर्मा का शतक, मुंबई इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से रौंदा

**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के हीरो रहे तिलक वर्मा, जिन्होंने नाबाद शतक जड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया और लगातार चार हार का सिलसिला भी तोड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियन्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 45 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेली, जो उनके आईपीएल करियर का पहला शतक है। उन्होंने नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन और कप्तान हार्दिक पंड्या



(15) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की अहम साझेदारी की। मुंबई ने आखिरी चार ओवर में 73 रन जोड़कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती ओवरों में ही साई सुदर्शन और जोस बटलर के विकेट गंवा दिए। इसके बाद टीम दबाव से उबर नहीं पाई और 15.5 ओवर में महज 100 रन पर सिमट गई। मुंबई की ओर से गेंदबाजी में अश्वनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर चार विकेट झटके। उनके अलावा अल्लाह गजनफर और मिचेल सेंटनर ने दो-दो विकेट हासिल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। गुजरात की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल (14) सहित अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे सके। इस बड़ी जीत के साथ मुंबई इंडियन्स ने टूर्नामेंट में जोरदार वापसी की है और टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## पीसीबी ने शनाका के पीएसएल में खेलने पर एक साल का प्रतिबंध लगाया



**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका पर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। शनाका का नाम शुरू में पीएसएल के लिए चुना गया था लेकिन बाद में वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की टीम में शामिल हो गए। पीसीबी ने इसी वजह से ब्लेसिंग मुजरबानी पर भी दो साल का प्रतिबंध लगाया है लेकिन उनके एजेंट रॉब हम्फ्रीज का दावा है कि इस खिलाड़ी ने पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ कभी किसी अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए इसलिए उन पर लगा प्रतिबंध गलत है और इस पर दोबारा विचार किया जाना चाहिए। पीसीबी ने सोमवार को कहा कि शनाका और लाहौर कलंदर्स के बीच हाल ही में हुए अनुबंध की पूरी तरह से समीक्षा करने के बाद 21 मार्च को टूर्नामेंट से खिलाड़ी का एकतरफा हट जाना खिलाड़ी के पंजीकरण की शर्तों और तीनों पक्षों के बीच हुए समझौते दोनों का साफ तौर पर उल्लंघन है।

## जानलेवा बीमारी से जूझ रहे अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान दिल्ली के अस्पताल में भर्ती



**नयी दिल्ली:** अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उन्हें एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (एचएलएच) होने का पता चला है। बाएं हाथ के इस 38 वर्षीय तेज गेंदबाज को फिलहाल नयी दिल्ली के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है जहां जनवरी से उनका इलाज चल रहा था। मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करने वाला 'एचएलएच' एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली काफी कमजोर हो जाती है। मरीज को प्रतिरक्षा प्रणाली की अत्यधिक सक्रिय प्रतिक्रिया के कारण शरीर में बहुत अधिक सूजन का सामना करना पड़ता है जिससे शरीर के ऊतकों को नुकसान पहुंचता है जिसमें बोन मैरो, यकृत, स्प्लीन और लिम्फ नोड्स शामिल हैं। शापूर के छोटे भाई गमार जादरान ने बताया कि उनके भाई को सबसे पहले पिछले साल अक्टूबर में अस्वस्थ महसूस हुआ था और बाद में अफगानिस्तान के डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए भारत जाने की सलाह दी थी। गमार ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' को बताया, 'यह एक बहुत ही गंभीर संक्रमण था।' उन्होंने कहा, 'उनके पूरे शरीर में संक्रमण था जिसमें टीबी (तपेदिक) भी शामिल था। यह उनके दिमाग तक भी फैल गया था जिसका पता एमआरआई और सीटी स्कैन के बाद चला।'

## नाहिद राणा के पांच विकेट से बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**मीरपुर :** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। इस जीत के नायक तेज गेंदबाज नाहिद राणा रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 32 रन देकर पांच विकेट झटके।नाहिद की रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ के सामने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बिखर गई और पूरी टीम 48.4 ओवर में 198 रन पर सिमट गई। कीवी टीम के लिए निक केली ने 102 गेंदों पर 83 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से सहयोग नहीं मिला। कप्तान टॉम लैथम सहित कोई भी बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और टीम ने महज 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद तंजीद हसन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों पर 76 रन बनाए। उन्होंने नजमुल हुसैन शान्तो (50, रिटायर हर्ट) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन की अहम साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।बांग्लादेश ने 87 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 199 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अब श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला बृहस्पतिवार को खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी।

## विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

**मोनाका:** पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है। एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है।' उन्होंने कहा, ''एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है।'' भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू के अनुसार भारत में 2022 में 48 एडीआरवी (दूसरा स्थान), 2023 में 63 (दूसरा स्थान), 2024 में 71 (पहला स्थान) और 2025 में 30 एडीआरवी (पहला स्थान) दर्ज किए गए।

## ओलंपियन जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण देने पर चार मई तक फैसला करने का निर्देश

**मुंबई:** बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता पहलवान खाशाबा दादासाहेब जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार प्रदान करने के संबंध में चार मई तक फैसला करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय की कोल्हापुर पीठ के न्यायाधीश माधव जामदार और प्रवीण पाटिल ने 15 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि इसको लेकर किसी तरह का विवाद नहीं है कि महाराष्ट्र के रहने वाले पहलवान जाधव भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता थे। अदालत ने 'कुश्तीवीर खाशाबा जाधव फाउंडेशन' द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस फाउंडेशन की स्थापना खाशाबा जाधव के बेटे रणजीत जाधव ने की थी। याचिका में गृह मंत्रालय (पद्म पुरस्कार



प्रकोष्ठ) को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह खाशाबा दादासाहेब जाधव को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित करने के लिए पुनर्विचार करे और नए सिरे से फैसला करे। उच्च न्यायालय ने कहा, 'भारत सरकार को चार मई या उससे पहले उचित फैसला करने का निर्देश दिया जाता है।' अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई पांच मई को तय की।

### भारत की अंडर-17 पुरुष टीम दोहा में कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी

**नयी दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को बताया कि भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 25 और 28 अप्रैल को दोहा में कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 से पहले भारत के आखिरी दो मैच हैं और खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अभी थाईलैंड में है जहां वे संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ दो मैत्री मैच खेल रहे हैं। टीम ने पहला मैच शुक्रवार को 1-0 से जीता था। मंगलवार को दूसरे मैच के बाद बिबियानो फर्नांडिस की टीम 22 अप्रैल को दोहा के लिए रवाना होगी। वे 30 अप्रैल को दोहा से सऊदी अरब के जेद्दा जाएंगे। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में भारत ग्रुप डी में छह मई को ऑस्ट्रेलिया, 10 मई को उज्बेकिस्तान और 13 मई को उत्तर कोरिया का सामना करेगा। भारत की 24 सदस्यीय टीम दोहा जाएगी। एशियाई कप के लिए 23 सदस्यीय अंतिम टीम की घोषणा टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही जाएगी।

### राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप: पश्चिम बंगाल ने जीत से किया आगाज

**राजगीर (बिहार):** गत चैंपियन पश्चिम बंगाल ने सोमवार को सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में दमदार शुरुआत करते हुए चंडीगढ़ और छत्तीसगढ़ पर एकतरफा जीत दर्ज की। पश्चिम बंगाल ने पहले मुकाबले में चंडीगढ़ को 49-7 से हराया और इसके बाद छत्तीसगढ़ को 66-0 से करारी शिकस्त दी। कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन हरियाणा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश को 29-0 और मध्य प्रदेश को 47-0 से हराया। महाराष्ट्र ने दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह को 92-0 से रौंद दिया। ओडिशा, बिहार और राजस्थान ने भी अपने-अपने मुकाबलों में प्रभावशाली जीत हासिल की। पूल एक में केवल दिल्ली और कर्नाटक शामिल हैं। दिल्ली ने पहला मैच 10-0 से जीता, लेकिन कर्नाटक ने वापसी करते हुए रिवर्स मुकाबले में 21-14 से जीत दर्ज की।

वर्ष 11, पूर्णांक 3569 अंक 035 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in